


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 145 | कोरबा, मंगलवार , दिनांक 24 फरवरी 2026 डाक 25 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




## तहव्वुर राणा की नागरिकता होगी रद!

# कार्नी के भारत दौरे से पहले कनाडा ने उठाया बड़ा कदम



**नईदिल्ली 24 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे से पहले कनाडा सरकार मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा हुसैन की नागरिकता रद करने की कोशिश कर रही है। हुसैन पर 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। 64 साल का राणा पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिश करने वालों में से एक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी है। इमिग्रेशन अधिकारियों ने राणा को बताया है कि वे उसकी 2001 में मिली कैनेडियन नागरिकता छीनना चाहते हैं। वह 1997 में कनाडा आया था और बाद में उसे डेनमार्क के एक अखबार के स्टाफ पर हमला करने की साजिश रचने के लिए अमेरिका में दोषी ठहराया गया। यह वीडियो भी देखें 26/11 हमले के मास्टरमाइंड राणा को अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत लाया गया था। नई दिल्ली पहुंचते ही उसे नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने गिरफ्तार कर लिया। अपने फैसले में इमिग्रेशन, रिफ्यूजी और सिटिजनशिप कनाडा ने लिखा कि राणा की नागरिकता आतंकवाद के लिए नहीं, बल्कि इसलिए रद की जा रही है क्योंकि उसने अपने एप्लीकेशन फॉर्म में झूठ बोला था। IRCC ने एक रिपोर्ट में लिखा कि जब राणा ने 2000 में नागरिकता के लिए आवदेन किया तो उसने दावा किया कि वह पिछले चार सालों से ओटावा और टोरंटो में रह रहा है और देश से सिर्फ छह दिन बाहर रहा है।

हालांकि, जांच में पता चला कि उसने असल में लगभग पूरा समय शिकागो में बिताया था, जहां उसकी कई प्रॉपर्टी और बिजनेस थे। नागरिकता रद करने के फैसले में उस पर एक गंभीर और जानबूझकर धोखा देने का आरोप लगाया गया। कहा गया कि कनाडा के नागरिकता कानूनों का सम्मान न करने की वजह से इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें गलत तरीके से नागरिकता दे दी। IRCC ने 31 मई, 2024 को उसे लिखा, आपका मामला ऐसा है जिसमें ऐसा लगता है कि आपने नागरिकता के लिए एप्लीकेशन प्रोसेस के दौरान कनाडा में अपने रहने की जगह के बारे में गलत जानकारी दी, जानबूझकर कनाडा से अपनी गैर-मौजूदगी बताने में नाकाम रहे।

# पीएम मोदी ने नीदरलैंड के नवनियुक्त पीएम रॉब जेटन को दी बधाई



**नईदिल्ली 24 फरवरी।**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन को अपने कार्यकाल की शुरुआत करने की बधाई दी। 38 साल के रॉब जेटन को देश के राजा ने प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई। बीते चार सालों में तीसरी बार नए डच कैबिनेट ने शपथ ली है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रॉब जेटन को नीदरलैंड के प्रधानमंत्री का पद संभालने पर बधाई। भारत और नीदरलैंड के बीच अलग-अलग क्षेत्र में बहुत अच्छे संबंध हैं। मैं आपके साथ मिलकर काम करने और हमारे दोनों देशों और लोगों के बीच बढ़ते संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। जेटन तीन दलों के गठबंधन से बनी अल्पमत सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। किंग विलेम-अलेक्जेंडर ने जेटन कैबिनेट को शपथ दिलाई।

इसके बाद, अल्पमत कैबिनेट के सदस्य अपने मंत्रालयों में गए और अपनी जिम्मेदारी संभाली। परंपरानुसार पुरुष सदस्य राजा के सामने मॉर्निंग कोट पहनकर पहुंचे, और फिर शपथ ग्रहण समारोह के बाद ड्रेस बदल ली। शपथ ग्रहण समारोह द हेग के ह्यूस टेन बॉश पैलेस में हुआ। इसके तुरंत बाद, नए कैबिनेट ने महल की सीढ़ियों पर राजा के साथ फोटो खिंचवाई। तीनों गठबंधन पार्टियों के पास 150 सीटों वाले सदन में सिर्फ 66 सीटें हैं। इस वजह से उन्हें कोई भी कानून पास करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी और लगभग हर बिल को पास कराने के लिए विपक्षी सांसदों पर निर्भर रहना पड़ेगा। नीदरलैंड की तीनों सियासी दलों के नेताओं ने चुनावी नतीजों के तीन महीने बाद जनवरी 2026 में एक नए गठबंधन डील पर सहमति जताई थी, जिससे नीदरलैंड्स में चुनावों के लगभग तीन महीने बाद एक अनोखी अल्पमत सरकार बनने का रास्ता साफ हुआ था, जिसमें मध्यमार्गी डी66 पार्टी को जीत मिली थी।

# विस में नोकझोंकः सीएम नीतीश और भाई वीरेंद्र आमने-सामने, 'सरकार नहीं चलेगी' पर सदन में गरमाया माहौल

**पटना, 24 फरवरी [एजेंसी]।**



बिहार विधानसभा का मंगलवार का सत्र हंगामेदार रहा। कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने चौकीदारों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बर्बरता की गई। राजद विधायकों ने कहा कि ऐसी सरकार नहीं चलेगी। सदन में विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल कुछ ही मिनटों में पूरी तरह गरमा गया। हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी जवाब देने खड़े हुए। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चलेगी तो चौकीदारों की सुनेगा कौन। इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपनी सीट से उठे। उन्होंने राजद विधायक भाई वीरेंद्र से कहा, आप बैठिए, आपकी संख्या कितनी कम है। सीएम ने यह भी कहा कि विपक्ष ने अपने कार्यकाल में कोई ठोस काम नहीं किया। इस पर विपक्षी विधायक और अधिक आक्रामक हो गए। सीएम के बयान के बाद राजद विधायक वेल की ओर बढ़ गए। 'नीतीश होश में आओ' के नारे लगाए गए। स्पीकर के बार-बार अनुरोध के बावजूद हंगामा जारी रहा।स्थिति बिगड़ती देख मार्शलों को बुलाया गया। विधायकों की तख्तियां हटवाई गईं। काफी देर बाद विपक्ष अपनी सीटों पर लौटा। विजय चौधरी ने कहा कि सरकार ने प्रदर्शन को रोका नहीं। उन्होंने दावा किया कि मांगों पर विचार किया जाएगा। सत्ता पक्ष ने लाठीचार्ज को कानून-व्यवस्था से जुड़ा कदम बताया। वहीं विपक्ष ने इसे दमनात्मक कार्रवाई करार दिया। राजद ने न्यायिक जांच की मांग दोहराई। दोनों पक्षों के रुख से टकराव और गहरा गया। हंगामे के बीच शिक्षा और विकास से जुड़े मुद्दे भी उठे। राज्य में डिजास्टर मैनेजमेंट की पढ़ाई शुरू करने का प्रस्ताव आया।

शिक्षा मंत्री ने संबंधित संस्थानों को निर्देश देने की बात कही। स्कूलों में 40 करोड़ रुपये से सेनेट्री वेंडिंग मशीन लगाने की घोषणा हुई। इन मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा के बाद फिर सियासी बयानबाजी हावी रही। सदन का फोकस विकास से ज्यादा टकराव पर रहा।सत्र से पहले पोर्टिको में भी विपक्ष ने प्रदर्शन किया। अमित शाह के बिहार दौरे को लेकर राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने तीखा बयान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि शाह सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने आ रहे हैं। पत्रकारों के सवाल पर वह भड़कते भी नजर आए। साफ है कि विधानसभा के भीतर और बाहर दोनों जगह सियासत चरम पर है। आने वाले दिनों में यह टकराव और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

## एआई समिट में प्रदर्शन के मामले में दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन

# यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन ने तूल पकड़ लिया। प्रदर्शन के सिलसिले में इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को पुलिस ने हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि समिट के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चिब समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। वहीं, स्थिति को देखते हुए तिलक मार्ग थाना के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है।

## साय सरकार ने होली के दिन शराब दुकानों को बंद रखने जारी किया आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में होली के दिन शराब बिक्री को लेकर स्थिति एक बार फिर बदल गई है। राज्य सरकार ने होली पर शराब बिक्री की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। आबकारी विभाग इस संबंध में जल्द आदेश जारी करेगा। नई आबकारी नीति में पहले तय सात ड्राई डे में से तीन दिन होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस (30 जनवरी) को हटाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद माना जा रहा था कि इन दिनों शराब दुकानें खुली रहेंगी। अब सरकार ने रुख बदलते हुए होली पर शराब बिक्री पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। यानी होली के दिन राज्यभर में शराब दुकानें बंद रहेंगी। बताया जा रहा है कि सामाजिक और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया गया है। आदेश जारी होने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। बाकी ड्राई डे पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार लागू रहेंगे।

# एनआईटी राउरकेला के परिसर में घुसे 2 हाथी वन विभाग अलर्ट, ड्राइव ऑपरेशन शुरू

**राऊरकेला, 24 फरवरी [एजेंसी]।**



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला परिसर में मंगलवार सुबह 2 दंतैल हाथी घुस गए हैं। दीवार तोड़ कर हाथियों के घुसने से अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद वन विभाग और स्थानीय पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। हाथियों को परिसर के भीतर घूमते देखा गया, जबकि कुछ अन्य हाथी आसपास के बाहरी इलाकों में मौजूद थे। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति पर नजर रखते हुए हाथियों को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर वापस भेजने के प्रयास शुरू किए। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर जसवंत सेठी, सहायक वन संरक्षकऔर अन्य वनकर्मियों के साथ स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। मानक वन्यजीव नियंत्रण प्रक्रियाओं के तहत हाथियों को परिसर से दूर ले जाने की कोशिशें जारी हैं, ताकि निवासियों और जानवरों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

डीएफओ ने आश्वासन दिया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, हाथियों की गतिविधि पूरी तरह नियंत्रण में है। हमारी टीमें मौके पर मौजूद हैं और उनकी हर गतिविधि पर करीबी नजर रखी जा रही है। छात्रों और कर्मचारियों को स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक घरों के अंदर रहने और प्रभावित क्षेत्र के पास न जाने की सलाह दी गई है। अभियान के दौरान प्रशासन कड़ी निगरानी बनाए हुए है।

# उड़ान भरते ही समंदर में क्रैश हो गया पवन हंस हेलिकॉप्टर, सवार थे 7 लोग



**अंडमान।** अंडमान में में मंगलवार को सुबह एक पवन हंस हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। जानकारी के मुताबिक उड़ान भरत ही यह समंदर में गिर गया। हेलिकॉप्टर में कम से कम पांच लोग सवार थे जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है। जानकारी के अनुसार पवन हंस का यह हेलीकॉप्टर पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर जा रहा था। उड़ान के दौरान अचानक तकनीकी खराबी सामने आई, जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर की अंडमान सागर में आपात लैंडिंग कराई।

सरकारी हेलीकॉप्टर सेवा कंपनी पवन हंस के एक हेलीकॉप्टर को अंडमान क्षेत्र में उड़ान के दौरान तकनीकी कारणों से समुद्र में इमरजेंसी क्रैश लैंडिंग करनी पड़ी। हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री और क्रु मेंबर पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचा और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# खेतों में कॉपियां लिख रहे थे सॉल्वर, यूपी बोर्ड परीक्षा में मैनपुरी में सामूहिक नकल का भंडाफोड़, एसटीएफ ने छह दबोचे



**मैनपुरी 24 फरवरी।** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की सोमवार को दूसरी पाली की परीक्षा में इनपुट के आधार पर एसटीएफ आगरा और भोगांव एसडीएम की संयुक्त कार्रवाई में बेवर थाना क्षेत्र के स्व. महाराज सिंह स्मारक इंटर कालेज जोत में सामूहिक नकल पकड़ी गई है। केंद्र के पीछे खाली खेत में बैठकर सॉल्वर उत्तरपुस्तिकाओं पर सवाल हल कर रहे थे। एसटीएफ ने मौके से छह साल्वर को हिरासत में लिया है। मौके पर गणित की दो अधलिखीं उत्तर पुस्तिका व जीव विज्ञान विषय का पेपर भी मिला है। एक युवती सहित छह लोग फरार हो गए हैं। डीआइओएस और एसटीएफ द्वारा बेवर थाने में तहरीर दी जा रही है। दोपहर में पाली में इंटरमीडिएट के गणित और जीव विज्ञान विषय का पेपर था। मुख्य विषय के पेपर को देखते हुए सभी 93 केंद्र पर निगरानी बढ़ाई गई थी। परीक्षा आरंभ होने से पहले ही एसटीएफ को नकल से संबंधित इनपुट मिल चुका था। गोपनीय ढंग से मैनपुरी पहुंचे एसटीएफ के इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह ने भोगांव एसडीएम संध्या शर्मा से जानकारी साझा की और सामूहिक रूप से छापे की योजना बनाई। शाम लगभग चार बजे टीम ने स्व. महाराज सिंह स्मारक इंटर कालेज जोत में छापा मारा। यहां केंद्र के पीछे खेत में साल्वर उत्तर पुस्तिकाएं लिख रहे थे।टीम को देख एक युवती सहित छह लोग मौके से फरार हो गए, जबकि छह साल्वर को एसटीएफ से पकड़ लिया। मौके पर गणित विषय की दो अधलिखीं उत्तर पुस्तिका और जीव विज्ञान विषय का पेपर भी मिला है। सूचना मिलते ही एसडीएम भोगांव संध्या शर्मा, एएसपी सिटी अरुण कुमार सिंह, डीआईओएस सतीश कुमार भी मौके पर पहुंच गए। पकड़े गए सॉल्वर आशीष, अनुज, अंकित, शिवम चौहान, अरुण कुमार और अवनीत को बेवर थाने लाया गया। बाह्य केंद्र व्यवस्थापक संतोष कुमार, स्टेटिक मजिस्ट्रेट योगेश कुमार पशुधन प्रसार अधिकारी के विरुद्ध भी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। डीआईओएस सतीश कुमार का कहना है कि पेपर और उत्तर पुस्तिका केंद्र व्यवस्थापक द्वारा ही बाहर निकलवाई थीं।

## मामूली बहस के बाद कई लोगों को कार से कुचला एक की मौत, DMK नेता का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम नेता के 20 साल के बेटे ने अपनी कार से चार लोगों को टक्कर मार दी, जिनमें से एक आदमी की मौत हो गई है। पुलिस ने हत्या के मामले में डीएमके नेता के बेटे आदित्य को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी आदित्य के अलावा, उसके दोस्त रितिक कुमार और हरीश को भी गिरफ्तार किया है। वे भी इस घटना के दौरान आदित्य के साथ कार के अंदर थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़ित की पहचान कृष्णागिरी जिले के शिवमूर्ति के रूप में हुई है, जो कि असिस्टेंट लेबर इंस्पेक्टर थे।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# अमेरिका में बर्फीले तूफान का कहर, 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द, कई राज्यों में आपातकाल घोषित

**न्यूयॉर्क, 24 फरवरी [एजेंसी]**



अमेरिका के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक शक्तिशाली बर्फीले तूफान ने कहर बरपाया है। मैरीलैंड से लेकर मेन तक के इलाके भारी बर्फ की चादर में ढक गए हैं। इस भीषण मौसम के कारण शनिवार से मंगलवार के बीच 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। अकेले सोमवार को 5,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और मंगलवार के लिए 1,300 से अधिक उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई हैं, जिससे हजारों यात्री फंस गए हैं। न्यूयॉर्क के जेएफके, लागुआर्डिया और बोस्टन के लोगान एयरपोर्ट सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने इसे एक दशक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया है, जिसे बम चक्रवात कहा जा रहा है। बम चक्रवात तब होता है जब 24 घंटे की अवधि में तूफान का दबाव एक निश्चित मात्रा में गिर जाता है। यह मुख्य रूप से शरद ऋतु और सर्दियों में होता है जब आर्कटिक की बर्फीली हवा दक्षिण तक पहुंचकर गर्म तापमान से टकराती है। कई इलाकों में दो फीट (60 सेंटीमीटर) से ज्यादा बर्फबारी हुई है।

रोड आइलैंड के वारविक में तो तीन फीट से ज्यादा बर्फ गिरी है। तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और मैसाचुसेट्स समेत कई राज्यों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। तूफान का असर इतना ज्यादा है कि संयुक्त राष्ट्र को अपनी सुरक्षा परिषद की बैठक स्थगित करनी पड़ी और मुख्यालय बंद करना पड़ा। न्यूयॉर्क शहर में छह साल में पहली बार बर्फबारी के कारण स्कूल बंद किए गए। हालांकि, मेयर जोहरान ममदानी ने मंगलवार से स्कूल खोलने की बात कही है, जिसका कुछ अधिकारियों ने विरोध किया है। परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। रेल और बस सेवाएं निलंबित हैं। सड़कों पर फिसलन और कम दृश्यता के कारण यात्रा करना बेहद खतरनाक हो गया है। प्रशासन ने लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है। डोरडैश जैसी डिलीवरी सेवाओं ने भी अपना काम रोक दिया है। तूफान के कारण बिजली व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है। पावरआउटेज डॉट यूएस के मुताबिक, पूर्वी तट पर 5,70,000 से ज्यादा घरों और व्यवसायों की बिजली गुल हो गई है। मैसाचुसेट्स और न्यू जर्सी में स्थिति सबसे खराब है। तेज हवाओं के कारण बिजली बहाल करने में कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, कुछ लोग इस मौसम का आनंद भी ले रहे हैं। टाइम्स स्क्वायर पर पर्यटक नाचते हुए दिखे, तो कुछ लोग स्लेजिंग का मजा लेते नजर आए। लेकिन मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि खतरा अभी टला नहीं है। एक और तूफान इस सप्ताह के अंत में आ सकता है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रशासन ने नेशनल गार्ड को तैनात कर दिया है और राहत बचाव का काम जारी हैं।।

# जल जीवन मिशन से मांगामार में अब हर घर जल

## 522 घरों में नल कनेक्शन से पानी के लिए हैंडपंपों और कुओं पर निर्भरता खत्म







कोरबा ( भारत जैसे भौगोलिक विविधताओं से भरे देश में विषमताएं विकास की राह में अक्सर चुनौती बनती रही हैं। पठारी और पाट क्षेत्रों से घिरे दूरस्थ गांव पेयजल की समस्या से जूझते रहे हैं। लेकिन अब केंद्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन से दूरस्थ व दुर्गम अंचलों में भी सभी घरों में नल से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है।

कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 53 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मांगामार की तस्वीर अब बदल चुकी है। ढाई हजार से अधिक की आबादी वाले इस गांव में जल जीवन मिशन के तहत एक करोड़ 45 लाख 34 हजार रुपए की लागत से रेट्रोफिटिंग योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत 40 किलोमीटर क्षमता की एक उच्च स्तरीय पानी टंकी स्थापित की गई है। गांव के हर एक घर में पेयजल पहुंचाने के लिए 3700 मीटर पाइप लाइन बिछाकर 522 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। गर्मियों में विकराल हो जाती थी समस्या

मांगामार की श्रीमती समारिन बाई खाण्डेल बताती है कि पहले पेयजल के लिए हैंडपंप, कुओं और अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मी के दिनों में भू-जल स्तर नीचे चला जाता था, जिससे पानी की किल्लत और भी बढ़ जाती थी। कई बार सुबह-सुबह पानी भरने के लिए लंबी कतारें लगती थीं। महिलाओं को घर के कामकाज के साथ पानी लाने घंटों मशक्कत करनी पड़ती थी।

### अब हर घर में नल, बदली दिनचर्या

जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' की सुविधा मिलने के बाद अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन पहुंच चुका है और नियमित रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है। इससे न केवल जल संकट समाप्त हुआ है, बल्कि महिलाओं की दिनचर्या में भी सकारात्मक परिवर्तन आया है।अब महिलाओं को दूर-दूर तक पानी ढोने की मजबूरी नहीं रही। बचा हुआ समय वे परिवार, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आयवर्धक गतिविधियों में लगा रही हैं। स्वास्थ्य के स्तर पर भी सुधार देखने को मिल रहा है, क्योंकि स्वच्छ पेयजल से जलजनित बीमारियों का खतरा कम हो गया है।

### दूरस्थ अंचलों में विकास की नई धारा

जल जीवन मिशन ने मांगामार जैसे सुदूर गांवों में जीवन की बुनियादी आवश्यकता पेयजल को घर-घर तक पहुंचाकर विकास की नई इबारत लिखी है। अब बारहों महीने ग्रामीणों को घर पर ही शुद्ध पानी उपलब्ध हो रहा है। हैंडपंपों पर निर्भरता समाप्त हो चुकी है और मांगामार जल संकट से मुक्त हो गया है। जल जीवन मिशन दूरस्थ क्षेत्रों में न केवल लोगों, खासकर महिलाओं का जीवन आसान बना रही है, बल्कि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में स्थायी सुधार भी ला रही है।

## 12वीं की राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं वस्तु चित्रण विषय का परीक्षा हुआ सम्पन्न

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत 12वीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गया है। जिले में परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर नियंत्रण लगाने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। 23 फरवरी को हायर सेकेंडरी स्कूल के राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन, एवं वस्तु चित्रण विषय का परीक्षा संपन्न हुआ। उक्त विषयों की परीक्षा हेतु कुल 9356 दर्ज बच्चों में से 9257 विद्यार्थी उपस्थित एवं 99 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमें राजनीति विज्ञान विषय में 3281 दर्ज बच्चों में 3228 उपस्थित व 53 अनुपस्थित, रसायन शास्त्र विषय में 3687 दर्ज बच्चों में उपस्थित 3664 व 23 अनुपस्थित, लेखा शास्त्र विषय में 2163 दर्ज बच्चों में उपस्थित 2149 व 14 अनुपस्थित, फसल उत्पादन विषय में 192 दर्ज बच्चों में से 183 उपस्थित व 9 अनुपस्थित तथा वस्तु चित्रण विषय में दर्ज एवं उपस्थित बच्चों की संख्या 33 रही। उक्त परीक्षा हेतु गठित जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत दल क्रमांक 02 द्वारा शा.उ.मा.वि. पडनिया, सेजेस कुसमुंडा, सर. कुसमुंडा, शा.उ.मा.वि. भिलाईबाजार, शा.उ.मा.वि. कोरबी धतुरा का दल क्रमांक 03 शा.उ.मा.वि. नोनबिर्रा, शा.उ.मा.वि. सेन्द्रीपाली, शा.उ.मा.वि. बोतली, शा.उ.मा.वि. रामपुर का, दल क्र. 04 द्वारा सेजेस जमनीपाली, वि. गृह क्रमांक 2 दर्री, सेजेस छुरी, आदर्श कटघोरा, सेजेस बालक कटघोरा, कन्या कटघोरा, दल क्रमांक 05 द्वारा शास.उ.मा.वि. सिंघिया, शास.उ.मा.वि बिंझरा, शास.उ.मा.वि तुमान, शास.उ.मा.वि जटगा, शास.उ.मा.वि लैंगा का एवं नोडल अधिकारी द्वारा सर. सीतामढ़ी, ज्योति मिशन, शास.उ.मा.वि कोरबा, सर. बुधवारी, एनसीडीसी , वि.गृ. क्र.01 का, डीएमसी द्वारा शास.उ.मा.वि रजगामार, सेजेस कुदमुरा, शास.उ.मा.वि. कोरकोमा, सेजेस करतला एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कन्या बालको, बालक बालको सहित जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा कुल 30 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संचालित हुआ एवं एक भी नकल प्रकरण नहीं रहा।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु अपात्र आवेदनों की सूची जारी

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग, रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली प्राक्चयन परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। प्राक्चयन प्रवेश परीक्षा 01 मार्च 2026, रविवार को प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।प्रवेश हेतु ऑनलाईन कुल 2025 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 1977 आवेदन पात्र तथा 48 आवेदन अपात्र पाए गए हैं। अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का अवलोकन सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय तथा जिला कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।प्रवेश पत्र एकलव्य की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

जिलावासियों एवं अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे परीक्षा से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए शासन की वेब

## ठेकेदार ने काम को अधूरा छोड़ा, ब्लैक लिस्टेड

**कोरबा।** नगर निगम ने वार्ड क्रमांक 03 में अधूरा विकास कार्य छोड़ने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा से जुड़ी फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। तय समय सीमा के बाद भी काम शुरू नहीं होने पर ठेका निरस्त कर दिया गया और फर्म को एक वर्ष तक निगम की निविदाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक अधोसंरचना मद के तहत 30 दिसंबर 2024 को कार्यादेश जारी किया गया था। चार माह में यानी 29 अप्रैल 2025 तक काम पूरा होना था। लेकिन नियत तिथि बीतने के करीब दस महीने बाद भी मौके पर काम की प्रगति शून्य रही।निगम ने जुलाई, अगस्त और सितंबर 2025 में लगातार पत्र भेजकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा। इसके बाद 30 जनवरी 2026 को अंतिम नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा गया, लेकिन ठेकेदार की ओर से कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया।इसे अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए निगम प्रशासन ने क्लॉज 2 और 3 के तहत कार्रवाई की। ठेका निरस्त करने के साथ निविदा के समय जमा अमानत राशि को ब्याज सहित राजसात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही शेष कार्य का 10 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति अन्य देयकों या सुरक्षा निधि से वसूलने की तैयारी है। जरूरत पड़ने पर इसे भू-राजस्व बकाया की तरह भी वसूला जा सकता है।सबसे अहम पहलू यह है कि संबंधित फर्म को एक वर्ष तक नगर निगम कोरबा की किसी भी निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। चूंकि फर्म का संबंध भाजपा मंडल अध्यक्ष से बताया जा रहा है और उन्हें महापौर का करीबी माना जाता है, इसलिए इस कार्रवाई ने सियासी गलियारों में भी हलचल पैदा कर दी है। नगर निगम का संदेश साफ है, समयसीमा के भीतर काम नहीं तो सख्त कदम तय हैं, चाहे ठेकेदार कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो।साइट एवं सूचना पटल का अवलोकन करते रहें।

## मैदान को भी नही छोड़ा अतिक्रमण कार्यो ने

**कोरबा ।** कोरबा शहर के मध्य स्थित शारदा विहार कॉलोनी का सार्वजनिक मैदान इन दिनों अतिक्रमण और असामाजिक गतिविधियों की चपेट में है। बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण मैदान की खुली जमीन पर धीरे-धीरे कब्जे की आशंका बढ़ती जा रही है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि कुछ लोग यहां कपड़े और कचरा फेंककर क्षेत्र को गंदा कर रहे हैं, जिससे न केवल स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि सार्वजनिक संपत्ति की स्थिति भी खराब होती जा रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार मैदान के आसपास लगाए गए बिजली खंभों की लाइटें भी गायब हो गई हैं। अंधेरा होने के बाद यहां नशाखोरी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। इससे कॉलोनी में रहने वाले परिवारों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल बना हुआ है। शाम ढलते ही अभिभावक बच्चों को मैदान की ओर जाने से रोकने लगे हैं। कॉलोनीवासियों ने बताया कि यह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने और सामाजिक आयोजनों का प्रमुख स्थान रहा है, लेकिन वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। यदि समय रहते प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो भविष्य में यहां अवैध कब्जा स्थायी रूप ले सकता है। निवासियों ने जिला प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि मैदान की तत्काल बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पुन: सुनिश्चित की जाए तथा नियमित पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि सार्वजनिक स्थल को सुरक्षित रखा जा सके और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनी रहे।

## 'कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश'



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों एवं शहरी क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के समाधान की के लिए पहुंचे नागरिकों की आवेदनों को गम्भीरता से सुना।कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को सवेंदनशीलता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

खम्हरिया सहित अन्य पंचायतो में खाद्यान्न वितरण में आ रही परेशानियों को लेकर पहुंचे ग्रामीणों को राहत पहुंचाते हुए कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को संबंधित पंचायतों में स्वयं जाकर शिकायतों की जांच करने तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली सुचारु रूप से संचालित हो और किसी भी पात्र परिवार को खाद्यान्न से वंचित न रहना पड़े।जनदर्शन में खाद्यान्न वितरण, फौती नामांतरण, सीमांकन, पीएम आवास, रोजगार, मुआवजा, पेंशन, नए आंगनबाड़ी भवन की मांग, दिव्यांगता कार्ड, ट्राई सायकिल एवं वनाधिकार पट्टा सहित कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनो का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, श्री ओंकार यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी घोषित

## कोरबा जिले से मोतीलाल व लक्ष्मीचंद को दी गयी बड़ी जिम्मेदारी

**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस कार्यकारिणी में नरेंद्र देवांगन को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

इसी कड़ी में जिलों में भी संयोजक व सह संयोजक नियुक्त किए गए हैं। कोरबा जिला के लिए मोतीलाल देवांगन संयोजक व लक्ष्मीचंद देवांगन सह संयोजक बनाए गये हैं। नियुक्ति की घोषणा के बाद समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र देवांगन ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नरेंद्र मोदी, अमित शाह, विष्णुदेव साय, किरण सिंह देव तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन के मार्गदर्शन में बुनकर समाज के हितों को आगे बढ़ाने तथा उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे।

## संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि, शिक्षा और स्वच्छता का दिया संदेश

कोरबा । महान समाज सुधारक संत गाडगे बाबा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर बालको स्थित सामाजिक सामुदायिक भवन में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत गाडगे बाबा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा-अर्चना के साथ हुई। उपस्थित जनों ने उनके विचारों को स्मरण करते हुए समाज में शिक्षा, स्वच्छता और समानता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बालको इकाई के अध्यक्ष गिरधारी बरेठ ने कहा कि संत गाडगे बाबा ने समाज को जो प्रेरणा दी, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा, 'एक रोटी कम खाओ, अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ' जैसे विचार देकर संत गाडगे बाबा ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का आधार बनाया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में वास्तविक सुधार संभव है। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ समाजसेवक जी.पी. बरेठ, सत्यनारायण कर्ष, डोमराज बरेठ, बालको इकाई के कोषाध्यक्ष रविशंकर बरेठ, विद्या भूषण बरेठ, राहुल बरेठ, बालमुकुंद बरेठ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के अंत में उपस्थितजनों ने संत गाडगे बाबा के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# वेदांता एल्युमीनियम ने उड़ीसा में महिला पावर यूनिट तैनात की

**कोरबा ।** भारत की अग्रणी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा में औद्योगिक क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए झारसुगुड़ा स्थित अपने मेगा संयंत्र में 135 मेगावाट की पॉवर यूनिट का संचालन पूर्णत: महिला तकनीकी टीम को सौंप दिया है। यह ओडिशा की पहली पूर्णत: महिला पॉवर ऑपरेशंस टीम है, जो विश्व के सबसे बड़े एल्युमीनियम संयंत्रों में से एक का हिस्सा है।महिला दिवस 2026 से पूर्व की गई यह पहल कंपनी की विविधतापूर्ण और समावेशी कार्यस्थल निर्माण की प्रतिबद्धता को दोहराती है। साथ ही, यह भारत के खनन एवं धातु उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।3615 मेगावाट क्षमता वाले मेगा संयंत्र का हिस्साझारसुगुड़ा स्थित संयंत्र में कुल 3615 मेगावाट की स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता है, जिसमें 600 मेगावाट की चार इकाइयाँ और 135 मेगावाट की नौ इकाइयाँ शामिल हैं। आधुनिक एल्युमीनियम स्मेल्टर के संचालन के लिए निरंतर और विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति अत्यंत आवश्यक होती है। ऐसे में पॉवर ऑपरेशंस पूरी उत्पादन प्रक्रिया का अहम घटक है। अब 135 मेगावाट की एक संपूर्ण तापीय विद्युत इकाई का दैनिक संचालन पूर्णत: महिला टीम द्वारा किया जाएगा।

छह माह का व्यापक प्रशिक्षण

व्यावसायिक भागीदार एनजीएसएल के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस पहल के तहत डेस्क इंजीनियर, टर्बाइन ऑपरेटर, मिल ऑपरेटर और स्विचगियर ऑपरेटर जैसी विभिन्न संचालन एवं अनुरक्षण भूमिकाओं में योग्य महिला इंजीनियरों की नियुक्ति की गई है। ये इंजीनियर इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल सहित विभिन्न शाखाओं से हैं।चयनित टीम को तकनीकी, परिचालन और नेतृत्व क्षमता विकास के लिए छह माह का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें ऑन-साइट और कक्षा आधारित प्रशिक्षण शामिल होगा।2030 तक 30% महिला भागीदारी का लक्ष्यइस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कंपनी के सीईओ राजीव कुमार ने कहा कि यह पहल दर्शाती है कि महिलाएँ अब भारी उद्योगों में केवल कार्य ही नहीं कर रहीं, बल्कि नेतृत्व भी संभाल रही हैं। 135 मेगावाट की यूनिट की जिम्मेदारी महिला टीम को सौंपना इस विश्वास को दर्शाता है कि नेतृत्व की असली पहचान योग्यता से होती है। उन्होंने बताया कि कंपनी वर्ष 2030 तक 30 प्रतिशत महिला भागीदारी के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।राज्य में बढ़ रही महिला श्रम भागीदारीओडिशा आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, राज्य में महिला श्रम बल भागीदारी दर 2022 में 37.6 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 48.7 प्रतिशत हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। इसी सकारात्मक रुझान के अनुरूप कंपनी औद्योगिक क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।झारसुगुड़ा संयंत्र में इससे पहले भी कई पहलें की जा चुकी हैं, जिनमें भारत की पहली पूर्णत: महिला पॉटलाइन टीम, पूर्णत: महिला लोकोमोटिव क्रू तथा 'अग्निवाहिनी' नामक महिला अग्निशमन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम शामिल हैं। 'श्री शक्ति' पहल के तहत कंपनी ओडिशा में रात्रि पाली में महिलाओं को नियुक्त करने वाली पहली औद्योगिक इकाइयों में शामिल है।इसके अतिरिक्त, कंपनी लचीली कार्य व्यवस्था, 'नो-क्वेश्चन-आस्क्ड' वर्क-फ्रॉम-होम नीति तथा विशेष नेतृत्व विकास कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को करियर के विभिन्न चरणों में सहयोग प्रदान कर रही है।यह पहल न केवल औद्योगिक क्षेत्र में लैंगिक समानता को नई दिशा दे रही है, बल्कि ओडिशा को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक नई पहचान भी दिला रही है।

# बेरहम सिस्टम के आगे बेबस 4 अनाथ बच्चियां, सरकारी मदद का है इंतजार

**पहले छूटा माता-पिता का साथ, अब दाने-दाने के मोहताज, 4 बेबस बच्चों की यह है कहानी**

**कोरबा ।** पहले पिता का साथ छूटा और फिर प्रकृति के कहर से मां मौत के मुंह में समा गई. माता-पिता की मौत के बाद अनाथ हुई चार बेटियां अब दाने-दाने को मोहताज है .दरअसल सीतामढ़ी निवासी कलिन्द्री यादव अपने पति की मौत के बाद 4 बच्चों का पालन-पोषण मजदूरी करके कर रही थी. सिम्मी, स्नेहा, मुस्कान, आस्था ने कोरबा कलेक्टर से मिलकर शासन के द्वारा दिए जाने वाले आपदा राशि प्रदान करने की गुहार लगाई हैकोरबा:पहले पिता का साथ छूटा और फिर प्रकृति के कहर से मां मौत के मुंह में समा गई. माता-पिता की मौत के बाद अनाथ हुई चार बेटियां अब दाने-दाने को मोहताज है . इन मासूमों के सामने जीवन-यापन का ऐसा संकट खड़ा हो गया है जिसे चाहकर हल नहीं कर पा रहें है . चार साल से सरकारी मदद का इंतजार करने की बाद भी जब कुछ नहीं हुआ . तो कलेक्टर के सामने अपना दुख-दर्द बयान किया .

अब फाइल फिर से खोली जा रही है देखना है की फ़ाइल से निकल कर मदद कब इन मासूमों तक आ पाती है.

दरअसल सीतामढ़ी निवासी कलिन्द्री यादव अपने पति की मौत के बाद 4 बच्चों का पालन-पोषण मजदूरी करके कर रही थी. 1 अप्रैल 2018 को आंधी-तूफान में घर का छज्जा गिरने से दबकर कलिन्द्री की भी मृत्यु हो गई. मां की मृत्यु के बाद चारों नाबालिक बच्चे अनाथ हो गए. सिम्मी, स्नेहा, मुस्कान, आस्था ने कोरबा कलेक्टर से मिलकर शासन के द्वारा दिए जाने वाले आपदा राशि प्रदान करने की गुहार लगाई है. पीड़ितों के मुताबिक उन्होंने एक वकील के माध्यम से राहत राशि के लिए कार्यवाही शुरू कराई थी, लेकिन वकील ने भी 3 साल तक मामले को लटकाए रखा. बहरहाल कलेक्टर ने इस संबंध में एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिया है परंतु अब देखना है कि 5 साल पुराने इस मामले का निराकरण कितनी तेजी से संबंधित विभाग और अधिकारी करते है

## कलेक्ट्रेट का घेराव

**कोरबा ।** जिला कांग्रेस अध्यक्षद्वय मनोज चौहान एवं मुकेश राठौर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि मनरेगा में सुधार के नाम पर केन्द्र सरकार ने रोजगार गारंटी स्कीम को खत्म करने का जो काम किया है जिसके विरोध में 24 फरवरी 2026, दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे कोरबा कलेक्टर दफ्तर का घेराव किया जावेगा । जिला कांग्रेस अध्यक्षद्वय ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अजा. प्रकोष्ठ, अजजा. प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, ब?लॉक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस, वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी, पार्षद, पूर्व पार्षद, पूर्व एल्डरमेन सहित समस्त कांग्रेस मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ एवं विभाग के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है ।

# मराठा समाज ने मनाया छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**कोरबा ।** जमनीपाली स्थित मराठा मंगल भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती जिला मराठा समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुआ। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम किया गया।

मुख्य अतिथि नगर निगम की महापौर संजू देवी राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद नरेन्द्र देवांगन उपस्थित रहे। महापौर राजपूत ने जिला मराठा समाज को आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी महान विभूतियों के आदर्शों से जुड़ सके। उन्होंने समाज की विभिन्न मांगों एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग का आश्वासन भी दिया।जिला मराठा समाज के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र वाकड़े ने कहा कि शिवाजी महाराज के आदर्शों को केवल शब्दों तक सीमित न रखकर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने शिवाजी महाराज के स्वराज्य के सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि शिवाजी महाराज का शौर्य और पराक्रम सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्श हमें साहसी, सशक्त और संगठित बनने की सीख देते हैं, जिससे समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी इस दौरान शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। समाज के मेधावी छात्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों, नवविवाहित जोड़ों तथा शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त सदस्यों को प्रतीक-चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समाज के संरक्षक अश्विनी कदम, जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत जाधव, जिला महामंत्री विनय निंबालकर, जिला उपाध्यक्ष उमेश्वर राव निंबालकर, जिला कोषाध्यक्ष हिराजी राव निंबालकर, सह-कोषाध्यक्ष युगल किशोर भोसले, जिला उपाध्यक्ष परमानंद ठाकरे, प्रभाकर माहुरे, संतोष माने, सतीश लगड़, गुलशन भोसले, विद्या भोसले, प्रीति शिंदे, अंजनी भोसले, संध्या गायकवाड, संगीता घाटगे, गीता वाकड़े, अर्चना माने, संध्या भोसले, खुशबू लगड़, पूजा लगड़, पूनम नगर, सुमन भोसले सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व की घोषित योजनाओं पर नहीं हुआ अमल फिर भी लोगों को बजट से उम्मीद



**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ सरकार का आगामी बजट 24 फरवरी को पेश होना है और जिले के नागरिक इसमें अपने क्षेत्र के लिए ठोस प्रावधानों की उम्मीद कर रहे हैं। पिछले वर्षों में कई योजनाएं घोषित हुईं, पर जरूरतों के अनुरूप कार्य नहीं हो सके।

इस बार उम्मीद है कि शहर की मुख्य परेशानियों जैसे नियमित सिटी बस सेवा, संकरी सड़कों, जर्जर पुलों और पेयजल सुविधाओं का समाधान बजट में शामिल होगा। कई वर्षों से शहर और आसपास के गांवों को जोड़ने वाली बस सेवा बंद है। छात्र, नौकरीपेशा लोग और वृद्ध नागरिक निजी वाहनों व ऑटो पर निर्भर होने को मजबूर हैं। शिवरीनारायण, पामगढ़ और मुलमुला को बिलासपुर जिले से जोड़ने वाला लीलागर नदी का कुटीघाट पुल बारिश के बाद से जर्जर है। कई जगह गड्ढे बनने से हादसे बढ़ गए हैं। पुल की चौड़ाई भी वर्तमान यातायात के दबाव के अनुरूप नहीं है। नए पुल का प्लान तैयार है, पर मंजूरी नहीं मिल पाई। 17 जनवरी को इसी पुल के पास हुए हादसे में एक छात्र की मौत हो गई थी। मई 2015 में शुरू की गई सिटी बस सेवा कभी सुचारू रूप से नहीं चल सकी। कोरोना काल के बाद बसें बंद कर दी गईं, और मरम्मत-रखरखाव न होने से कबाड़ हो गईं। शहर में आज भी सस्ती परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है।

ओवरब्रिज की मरम्मत के लिए 50 लाख का प्रस्ताव चांपा-जांजगीर के बीच खोखसा रेलवे फाटक के पास बना ओवरब्रिज इन दिनों अत्यधिक जर्जर है। पुल की ऊपरी सतह उखड़ चुकी है और एक्सपेंशन ज्वाइंट टूटे हुए हैं। दुपहिया चालकों के फिसलने का खतरा हर समय बना रहता है। मरम्मत के लिए करीब 50 लाख रुपए का प्रस्ताव तैयार है, पर मंजूरी न मिलने से काम अटका हुआ है। चांपा और कोरबा से जिला मुख्यालय आने वाले अधिकांश लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, जिसके चलते रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हाईवे खस्ताहाल, चौड़ाई भी कम, इसीलिए हो रहे हादसे अकलतरा व पामगढ़ के बीच पुराना एनएच लंबे समय से जर्जर है। सड़क की कम चौड़ाई और खराब स्थिति के कारण हुए भीषण हादसे हो रहे हैं। उसके बाद भी मरम्मत नहीं हो रही।

## नैतिकता के लिए सराहनीय कार्य कर रही ब्रम्हकुमारी संस्था



**अकलतरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने श्रीराम चौक के पास शिव जयंती और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें भगवान शिव के आध्यात्मिक संदेश के साथ नारी के गौरव और उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में लोग और महिलाएं मौजूद रहीं।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था समाज में नैतिकता और आध्यात्मिकता के लिए सराहनीय काम कर रही है। नशा मुक्ति अभियान के जरिए युवाओं को बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और देश के विकास में बड़ा योगदान दे रही हैं। महिलाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझना चाहिए। मुख्य वक्ता स्वाति ने कहा कि भारतीय संस्कृति की आत्मा नारी के सम्मान और शक्ति में बसी है। नारी केवल परिवार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की बुनियाद है। राजयोग के जरिए नारी खुद को पहचानकर सशक्त बन सकती है, यही असली सशक्तिकरण है। राजयोग शिक्षिका संतोषी ने शिवरात्रि का अर्थ समझाते हुए कहा कि यह पर्व आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। यह हमें अज्ञान के अंधेरे से ज्ञान के उजाले की ओर ले जाता है।

अकलतरा सेवाकेंद्र प्रभारी भुवनेश्वरी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागृति आती है। कार्यक्रम का संचालन तखतपुर प्रभारी ममता ने किया। पार्षद माधुरी पालीवाल ने गीत पेश किया। कार्यक्रम में भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और रानी लक्ष्मी बाई की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान रामाधार, रामकुमार, राजेश, मनोज अग्रवाल, राकेश रोहरा, शुभम, केशव, राहुल, सूरज, सोनू, देवकी, रामेश्वरी, गिरजा, कमला, शकुंतला, चंचल सब्बरवाल, बीना लिखखमानिया, शांति भारते, नीलम, रानी, कीर्ति, ज्योति, हेमा, शोभा और पूजा समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## मुफ्त हेल्थ कैंप में 200 मरीजों का हुआ परीक्षण



**अकलतरा।** सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन ने ग्राम मधुवा के मानस मंच परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में डॉ. अभय कुमार, डॉ. एम एस कुमार और अन्य डॉक्टरों ने 200 मरीजों की जांच की। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर और ब्लड ग्रुप की भी जांच की गई। संस्था की ओर से मरीजों को जरूरी दवाइयां मुफ्त में दी गईं। शिविर में मदद करने वाले डॉक्टरों और मेहमानों का शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

शिविर की शुरुआत थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, कोटमीसोनार सहायता केंद्र प्रभारी राजेन्द्र क्षत्रिय, छोटू कश्यप और सरपंच सुरेश सरूता की मौजूदगी में हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने कहा कि गांव के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। शरीर में कोई भी समस्या होने पर तुरंत इलाज कराएं। शिविर लगने से लोगों को घर के पास ही इलाज की सुविधा मिलेगी। राजेन्द्र क्षत्रिय ने कहा कि आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में नई-नई बीमारियां सामने आ रही हैं। सही खान-पान और जागरूकता से हम बीमारियों से बच सकते हैं। छोटू कश्यप ने कहा कि संस्था लगातार ऐसे शिविर लगाकर लोगों को जागरूक कर रही है। ग्रामीण इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव चिराग शर्मा और आभार प्रदर्शन दीपक साहू ने किया। इस दौरान प्रदीप दुबे, सुंदर प्रधान, रामकुमार साहू, शुभम सिंह, शरद सिंह, सतीश मानिकपुरी, मनीष धीवर, स्वास्थ्य विभाग की टीम और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जनगणना विकास योजनाओं की नींव गंभीरता से करें काम: महोबे

**जांजगीर।** आगामी जनगणना 2027 को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया, जिसमें मकान सूचीकरण और जनसंख्या गणना की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जनगणना केवल संख्या गिनने का कार्य नहीं, बल्कि विकास योजनाओं और शासन की नीतियों का आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि संसाधन आवंटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण की योजनाओं के निर्धारण में जनगणना का डाटा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और सभी प्रक्रियाओं को समझकर ही मैदानी कार्य करें, ताकि जनगणना पारदर्शिता के साथ संपन्न हो। जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू किया जाएगा और इसे निश्चित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को एचएलओ (हाउस लिस्टिंग ऑफिसर) मॉड्यूल, सीएमएमएस प्लेटफॉर्म और एचएलओ प्रबंधन प्रणाली की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा इनपुट, त्रुटि सुधार और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया का अभ्यास किया। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि डेटा की गोपनीयता सर्वोपरि है और सभी अधिकारी नागरिकों को जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक करें।संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी संदीप ठाकुर ने कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए है कि जनगणना पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और समय-बद्ध रूप से संपन्न हो। प्रशिक्षण में तकनीकी समस्याओं के समाधान के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म का अभ्यास भी कराया गया।

## भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ की कार्यसमिति में डॉ. अनिल शामिल

**जांजगीर।** जिले के शिक्षाविद् डॉ. अनिल तिवारी को भारतीय जनता पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य के



रूप में जिम्मेदारी दी है। डॉ. तिवारी लंबे समय से शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों और जनहित से जुड़े विषयों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता देते रहे हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में वे ज्योतिष व वास्तु परामर्श के क्षेत्र में भी विशेष रूप से पहचाने जाते हैं।



## छात्रों का कराएं आधार बायोमैट्रिक अपडेट: तोपनो

**सक्ती।** कलेक्टोरेट ने जिले के सभी स्कूलों में पढ़ने वाले 5 से 16 साल के बच्चों का आधार बायोमेट्रिक अपडेट मुफ्त में कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने इस काम को तय समय में पूरा करने को कहा है। इसके लिए एमबीयू यानी मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूलों के साथ-साथ तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत, नगर पंचायत और एसडीएम कार्यालयों में बने आधार केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट बिना किसी शुल्क के किया जा रहा है।

प्रशासन की कोशिश है कि जिले का कोई भी बच्चा इस सुविधा से न छूटे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे छात्र-छात्राओं और उनके माता-पिता के बीच जागरूकता फैलाएं। सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को पत्र लिखकर कहा गया है कि वे पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की मदद से गांवों में मुनादी कराएं। कलेक्टर तोपनो ने साफ किया है कि 28 फरवरी तक सभी स्कूली बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट पूरा हो जाना चाहिए। जिला प्रशासन ने अपील की है कि वे समय पर अपने बच्चों का आधार अपडेट करा लें, ताकि आगे चलकर सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में कोई परेशानी न हो।

## पशु प्रदर्शनी व मेले में श्रेष्ठ पशुपालक किए सम्मानित



**बाराद्वार।** पशुधन विकास विभाग ने रविवार 22 फरवरी को ग्राम पलाडीखुर्द के सरकारी स्कूल परिसर में पशु पालकों के लिए पशु प्रदर्शनी और मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम में इलाके के पशुपालकों ने हिस्सा लिया और अपने अच्छे पशुओं का प्रदर्शन किया। इस मौके पर अलग-अलग वर्गों में प्रतियोगिता हुई और चयन समिति ने बेहतर पशु पालने वाले किसानों को इनाम दिया।

दुधारू गाय समूह में हजारी लाल देवांगन, विमल पटेल और देव नारायण पटेल को सम्मानित किया गया। संकर बछिया समूह में कमला साहू, गीता बाई और विमल पटेल को पुरस्कार मिला। बैल और भैंसा जोड़ी समूह में रामलाल पटेल, मनीराम पटेल और धनंजय पटेल को सम्मान दिया गया। स्वस्थ बछड़ा समूह में युवराज पटेल, केवल पटेल और मृत्युंजय पटेल पुरस्कृत हुए। बकरा-बकरी वर्ग में जितेन्द्र यादव, अनिता खांडे और मालिक राम खांडे तथा मुर्गा, मुर्गी और बतख समूह में साहिल यादव, पुरुषोत्तम यादव और शिवा पटेल को प्रमाण पत्र और इनाम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष बंशीधर खांडे, सभापति टंकेश्वर पटेल, जनपद सदस्य सुषमा राकेश साहू, सरपंच गुलाबी बाई कंवर समेत पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी, स्थानीय गौसेवक, पशु सखी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# ट्रेड डील से किसानों के हाथ में कटोरा थमाया, मोदी सरकार ने

**किसान न्याय जनसभा, कहा-जनता को नेताओं-अधिकारियों की संपत्ति जांचने का मिले अधिकार**

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी 'किसान न्याय जनसभा' कर रही है। आज जांजगीर लोकसभा के जैजैपुर विधानसभा के बम्हीडीह नगर पंचायत क्षेत्र में सभा की गई। भारतीय राष्ट्रीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि, पीएम मोदी ने ट्रंप के साथ किसान विरोधी ट्रेड डील कर किसानों के हाथ में कटोरा पकड़ाने का काम किया है।

यदि किसानों के लिए भौतिक सत्यापन जैसे नियम लाए गए, तो क्यों न जनता भी नेताओं और अधिकारियों के संपति का भी भौतिक सत्यापन करे। जनता को भी यह अधिकार मिले कि नेताओं के घर में घुसकर उनके संपत्ति का भी भौतिक सत्यापन करे।

**वर्तमान की सरकार पूंजीपतियों की सरकार**

पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष और जांजगीर प्रभारी अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला ने कहा कि, वर्तमान की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। पहली बार है कि छत्तीसगढ़ में 5 किसानों ने आत्महत्या का प्रयास किया। जिसमें से 2 किसानों की मौत तक हो गई।

जांजगीर का किसान अनिल हक के लिए टावर पर चढ़ा और उल्टा उसी किसान पर फर्जी स्नढ्ढक्रकर दी गई। जिस पर आम आदमी पार्टी की तरफ से अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला ने उनको नि:शुल्क विधिक मदद के लिए आश्वासन दिया है।



**सड़क पर किसानों की लड़ाई लड़ेंगे**

जिला महासचिव विनय गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को प्रताड़ित करना बंद करे। आम आदमी पार्टी कर्ज में डूबे अन्नदाता किसान के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी। सड़क पर किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए वचनबद्ध है।

वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भानु चंद्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी लगातार किसानों के हित में आवाज उठा रही है। आगे भी उठाते रहेगी।

## फाइलेरिया उन्मूलन, दवा खिलाकर किया जागरूक

**जांजगीर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिलेभर में सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट कार्यालय में फाइलेरिया की दवा का सेवन कर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। उनके साथ ही अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह और अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी दवा का सेवन कर जनता को प्रेरित किया। कलेक्टर ने आम जन से किसी भी अफवाह या भ्रांति पर ध्यान न देने और अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और स्वास्थ्य अमले से इस अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जिले में अब तक लक्ष्य जनसंख्या के 90 प्रतिशत से अधिक पात्र व्यक्तियों को दवा खिलाई जा चुकी है। अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा वितरित कर रहे हैं। सामूहिक दवा सेवन की अवधि अब 28 फरवरी तक बढ़ा दी गई है, ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। हालांकि गर्भवती महिलाएं, गंभीर बीमार व्यक्ति और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जा रही है। प्रशासन ने जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए जनता से सहयोग की अपील की है।

## पीली बाई नामदेव की आंखों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**जांजगीर।** की पीली बाई नामदेव, आयु 75 वर्ष, का 18 फरवरी की रात 12.30 बजे निधन हो गया। जीवनकाल में ही उन्होंने और उनके परिजनों ने अंगदान का संकल्प लिया था और इसका पंजीयन भारत सरकार की अधिकृत वेबसाइट www. notto. mohfw. gov. in पर कराया था। निधन के एक घंटे बाद, रात 1.30 बजे उनके बेटे राजकुमार नामदेव ने इसकी सूचना सद्गति सेवा संस्थान के अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल साहू को दी। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के नेत्र विभाग से संपर्क किया। विभाग प्रमुख सुचिता सिंह के मार्गदर्शन में नेत्र विशेषज्ञ संजय चौधरी और नेत्र सहायक अधिकारी धर्मेंद्र देवांगन की टीम तत्काल जर्वे (बलौदा) रवाना हुई।

समक्ष-श्रीमान् पब्लिक नोटरी दीपका तह दीपका जिला कोरबा (छग.)

**शपथ पत्र**

मैं अजित कुमार झा उम्र 40 वर्ष पिता श्री रामरतन झा साकिन सुभाष नगर दीपका तह दीपका थाना दीपका तह दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) का निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अंश झा (ANSH JHA) पिता श्री अजित कुमार झा माता श्रीमती राखी देवी है, जो सत्य एवं सही है। मेरे पुत्र के नाम पर नगर पालिक निगम कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिसका पंजिकरण संख्या B20252290172OOO3958 दिनांक 03.11.2025 है। उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र के माता का नाम श्रीमती राखी झा (RAKHI JHA) दर्ज हो गया है। मैं जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र के माता का नाम श्रीमती राखी देवी (RAKHI DEVI) दर्ज कराना तथा द्वितीय प्रति डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूं, जहां शपथ पत्र की आवश्यकता है। इस शपथ पत्र को मुझे संबंधित संस्था/कार्यालय में उक्ताशय के संबंध में प्रस्तुत करना है जो मेरे द्वारा निष्पादित है।

सील

अजित कुमार झा
शपथकर्ता

## अक्षय तृतीया पर उपनयन संस्कार

**जांजगीर।** ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर की ओर से 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मौके पर सामूहिक उपनयन संस्कार कराया जाएगा। यह कार्यक्रम अग्रसेन भवन में होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर मंच की मासिक बैठक सीता पाण्डेय के घर पर हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले 13 सालों से मंच उपनयन संस्कार के साथ ही कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम कर रहा है। इस साल भी बटुकों के लिए पूरे विधि-विधान से उपनयन संस्कार की व्यवस्था की गई है। संस्कार में शामिल होने वाले बटुकों को सफेद और लाल धोती, गमछा, टोपी, पूजा का सामान, नाश्ता और भोजन समिति देगी। अब तक 10 बटुकों का पंजीयन हो चुका है और यह प्रक्रिया अभी जारी है। जो अभिभावक अपने बच्चों का पंजीयन कराना चाहते हैं, वे मंच की सदस्य नीरा शर्मा, सीता पाण्डेय, जयंती दुबे, बीना दुबे, अनुराधा शुक्ला, आशा दुबे, नीलू शर्मा, किरण पाण्डेय और नम्रता शर्मा से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में सदस्यों ने जगदीश मिश्रा और रजनी शर्मा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंच की कई सदस्याएं मौजूद रहीं और उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

*__अकलतरा__। भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चांपा के अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष इकबाल खान की सहमति और जिला भाजपा अध्यक्ष अंबेश जांगड़े की सिफारिश पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह जबल ने नगर के पुराने भाजपा कार्यकर्ता शमसुद्दीन अंसारी को जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

# गुंजन स्कूल में हुआ साइबर जागरूकता कार्यक्रम

**सक्ती।** पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती भुवनेश्वरी पैंकरा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस सक्ती द्वारा साइबर जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुंजन स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि साइबर अपराधी फर्जी कॉल, ओटीपी ठगी, केवाईसी अपडेट के नाम पर लिंक भेजकर, लॉटरी/इनाम का प्रलोभन देकर, सोशल मीडिया हैकिंग एवं शेयर ट्रेडिंग/टेलीग्राम के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं।



कार्यक्रम में निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया गया —

किसी भी व्यक्ति को ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें।

किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपनी फोटो या निजी जानकारी साझा न करें।

किसी भी प्रकार के लालच या फ्री ऑफर के झांसे में न आएं।केवल अधिकृत प्ले स्टोर से ही ऐप एवं गेम डाउनलोड करें।किसी भी अंजान लिंक को क्लिक न करें, इससे मोबाइल हैक हो सकता है।

टेलीग्राम, ऑनलाइन निवेश या शेयर ट्रेडिंग के नाम पर आने वाले प्रस्तावों से सतर्क रहें।

सोशल मीडिया अकाउंट को सदैव प्राइवेट रखें एवं अंजान व्यक्तियों को फॉलो न करें।

आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें।डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती, ऐसे कॉल से सावधान रहें।किसी भी अंजान मोबाइल नंबर से आए वीडियो कॉल का उत्तर न दें।

उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें एवं निकटतम थाना में शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, संस्था संचालक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने साइबर जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए विद्यार्थियों एवं नागरिकों से सतर्क रहने की अपील वीडियो संदेश भी प्रेषित की।

जिला पुलिस सक्ती द्वारा साइबर जन-जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है, जिसमें बच्चों को जागरूकता का प्रथम वाहक मानकर समाज में साइबर सुरक्षा का संदेश प्रसारित किया जा रहा है।

जिला पुलिस सक्ती नागरिकों की सुरक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

## अनमोल वचन......

जितना कठिन संघर्ष होगा
जीत उतनी ही शानदार होगी।

# सांप्रदायिक भावनाओं के कारण तनाव

*राजनेताओं को स्वार्थ से उठ कर समस्या पर विचार करना चाहिए। समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ रहे हों, तब थोपी गई एकता कारगर नहीं हो सकती। जरूरत पहले सामाजिक दुराव खत्म करने की है। पिछले महीने मणिपुर चूराचंदपुर में 31 वर्षीय मयंगलम्बम सिंह का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी, जब वे अपनी मंगेतर से मिलने गए थे। मंगेतर कुकी-जो समुदाय की थी। उस हृदय-विदारक घटनाक्रम में इकट्ठी भीड़ ने युवती को वहां से जाने दिया। उसके बाद मयंगलम्बम सिंह को मार डाला गया। हत्यारों ने दया की भीख मांगते उस व्यक्ति का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रचारित किया। इस घटना से जाहिर हुआ था कि पौने तीन साल से जारी हिंसा ने मैतेई और कुकी समुदायों में किस हद तक दुराव पैदा किया है।*

*उस घटना के बाद मीडिया में आई रिपोर्टों से संकेत मिला है कि सांप्रदायिक नफरत का ये जहर किस हद तक फैला चुका है। असर इतना घातक है कि अब विवाहित मैतेई और कुकी दंपती अपने को मुसीबत में पा रहे हैं। ऐसे कई सामने आए मामले हैं, जिनमें ऐसे दंपतियों पर तलाक लेने का दबाव उनके समुदाय के लोगों ने बनाया हैं। उनमें कई दंपतियों की कई संतानें भी हैं। कुछ मामले तो ऐसे हैं, जिनमें पति- पत्नी हिंसा भड़कने के बाद से अलग रहने को मजबूर हैं। हैरतअंगेज है कि राजनीतिक दलों को समाज में उभरी ऐसी विभाजक प्रवृत्तियों की फिक्र नहीं है। इन हालात को नजरअंदाज करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इस महीने मणिपुर में नई सरकार बनाई। उसके बाद से राज्य में हिंसा का नया दौर आया हुआ है। चूराचांदपुर, उखरुल और अन्य कुकी बहुल इलाकों में आगजनी, पथराव, पुलिस से झड़प आदि जैसी अनेक घटनाएं हुई हैं। कुकी-जो समुदाय के लोग अपनी बहुलता वाले इलाको को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग कर रहे हैं। यानी वे मणिपुर का हिस्सा नहीं रहना चाहते, जिसमें मैतेई बहुसंख्यक हैं। राजनेताओं को थोड़े समय के लिए स्वार्थ से उठ कर इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि जब समाज में सांप्रदायिक भावनाओं के कारण व्यक्तिगत रिश्ते तनाव में आ गए हों, तब ऊपर से थोपी गई राजनीतिक एकता कारगर नहीं हो सकती। अतः जरूरत पहले सामाजिक दुराव खत्म करने की है। इसे जितना नजरअंदाज किया जाएगा, स्थितियां उतनी ही विकट होती जाएंगी।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बडों से नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जायेगा।

**वृष राशि :** आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामले में आपको घर के बडों से अच्छी सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

**मिथुन राशि :** आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कहीं निवेश न करें। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बडों की राय लेना आपके लिए बेहतर होगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज पारिवारिक अनबन समाप्त होने से घर में सौहार्द का वातावरण रहेगा।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके विरोधी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी । धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। ऑफिस में पदोन्नति के साथ-साथ इन्क्रीमेंट मिलने से आप काफी उत्साहित होंगे।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी । आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी।

# देशी कंपनियों के सामने हार्ले डेविडसन की चुनौती

//अजीत द्विवेदी//

**भारत और अमेरिका के बीच दोपक्षीय व्यापार वार्ता चलती रहेगी लेकिन उससे पहले अंतरिम समझौते की घोषणा हो गई है। जिस दिन घोषणा हुई यानी समझौते का फ्रेमवर्क और साझा बयान जारी हुआ उसके अगले दिन, आठ फरवरी को पता नहीं अमेरिका के अखबारों में किसी भारतीय उत्पाद का विज्ञापन छपा या नहीं, लेकिन भारत की राजधानी दिल्ली में सभी बड़े अखबारों में पहले पन्ने पर पूरे पेज पर अमेरिकी मोटरसाइकिल हार्ले डेविडसन का विज्ञापन छपा। 125 सीसी की हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल की कीमत तीन लाख रुपए से कम बताई गई।**

ध्यान रहे यह कोई सामान्य मोटरसाइकिल नहीं है। यह अमेरिकी औद्योगिक उत्पादन शृंखला का प्रतीक उत्पाद है। पहली बार राष्ट्रपति रहते डोनाल्ड ट्रंप इसी बाइक पर लगने वाले सौ फीसदी से ज्यादा टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नाराज हुए थे। उन्होंने भारत को टैरिफ किंग कहा था। बाद में भारत सरकार ने इस पर लगने वाला शुल्क कम किया। अब खबर है कि नए समझौते के तहत इस पर जीरो टैरिफ लगेगा। भारत में मोटरसाइकिल का बाजार बहुत बड़ा है और अब देशी कंपनियों के सामने हार्ले डेविडसन की चुनौती है।

बहरहाल, अमेरिका के साथ होने वाले सौदे को लेकर बहुत सी बातें कही और लिखी जा चुकी हैं। जैसे पहले भारतीय उत्पादों पर तीन फीसदी टैरिफ लगता था अब 18 फीसदी लगेगा और भारत में अमेरिकी उत्पादों पर औसतन 15 फीसदी टैरिफ लगता था, जिसको शून्य किए जाने की खबर है। इसी तरह भारत ने रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है और अमेरिका से खरीद बढ़ा दी है। ऐसे ही भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू करेगा। यह तेल भारत को महंगा पड़ेगा।

फ्रेमवर्क का ड्राफ्ट सामने आने और रूस से तेल खरीद की वजह से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को वापस लेने के राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकारी आदेश की प्रति सामने आने के बाद कुछ नई और दिलचस्प चीजें पता चली हैं। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में लिखा हुआ है कि अगर भारत ने फिर रूस से तेल खरीदना शुरू किया तो उसके ऊपर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जा सकता है। सोचें, किसी संप्रभु राष्ट्र के लिए क्या कोई दूसरा देश इस तरह के आदेश और धमकी जारी कर सकता है। ट्रंप ने भारत के लिए जारी किया लेकिन सब अपनी सुविधा के हिसाब से उनकी अनदेखी कर रहे हैं।

ऐसे ही फ्रेमवर्क में एक दिलचस्प बात यह है कि भारत अगले पांच साल में अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर के सामान खरीदेगा। यानी हर साल भारत को एक सौ अरब डॉलर के सामान खरीदने हैं। सवाल है कि भारत क्या खरीदेगा। अभी अमेरिका से भारत की औसत सालाना खरीद 40 अरब डॉलर की है। इसको दोगुने से ज्यादा बढ़ाना है। भारत अमेरिका से ऐसा क्या खरीदना शुरू करेगा कि उसका आयात दोगुने से ज्यादा बढ़ कर सौ अरब डॉलर यानी करीब नौ लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा। यह सही है कि भारत ने तेल खरीद बढ़ा दी है। तेल व गैस की खरीद थोड़ी और बढ़ाई जा सकती है। कुछ विमान व विमानों के कल पुर्जो की खरीद बढ़ जाएगी लेकिन क्या इससे भारत का आयात दोगुना हो जाएगा। कम से कम पहले साल में तो नहीं होने वाला है।

भारत दुनिया के दूसरे देशों से सस्ती और जरुरत की चीजें छोड़ कर अमेरिका से ज्यादा और गैरजरूरी चीजों की खरीद करे तब तो बात अलग है। अन्यथा ऐसे हर साल नौ लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदना मुश्किल होगा। अगर भारत ने समझौते की इस शर्त को पूरा नहीं किया तो क्या होगा। सबको पता है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक दक्षिण कोरिया के साथ क्या किया। उन्होंने दक्षिण कोरिया से समझौता किया और एक दिन अचानक कहा कि वह समझौते की शर्तों को ठीक से लागू नहीं कर रहा है इसलिए उसके ऊपर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाता है। भारत के सामने भी यह खतरा रहेगा। ध्यान रहे अभी तक भारत और अमेरिका के बीच व्यापार में संतुलन भारत के पक्ष में था। अमेरिका से भारत अभी करीब चार लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदता है और उसे सात लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का सामान बेचता है। दुनिया के ज्यादातर देशों के साथ अमेरिका का व्यापार संतुलन ऐसा ही था। तभी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अब तक अमेरिका सभी देशों के साथ व्यापार में घाटा उठाता रहा है, अब वे इसे बदलेंगे। यानी अब अमेरिका मुनाफा कमाएगा। भारत के साथ व्यापार में भी ऐसा ही होगा। अब व्यापार संतुलन अमेरिका के पक्ष में होगा। अगर भारत चाहता है कि ऐसा न हो तो वह अमेरिका से नौ लाख करोड़ रुपए का सामान खरीदेगा और उसे इससे ज्यादा का सामाना बेचना होगा।

सोचें, अभी भारत सात लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा का सामान बेचता है अब अचानक तीन या चार लाख करोड़ रुपए का कौन सा सामान बेचने लगेगा कि व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में झुके। यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि यूरोपीय संघ के साथ भी भारत ने मुक्त व्यापार संधि की है। ब्रिटेन और न्यूजीलैंड के साथ भी संधि हुई है। इन देशों को भी सामान बेचना है। इसे एक अवसर माना जा सकता है। लेकिन क्या अवसर का लाभ उठाने के लिए भारत तैयार है।

सौदे में एक और दिलचस्प बात यह है कि वाणिज्य मंत्री ने उन वस्तुओं की सूची गिनाई, जिनका निर्यात भारत करेगा। उसमें सेब और एवाकाडो भी है। सोचें, भारत में अपने इस्तेमाल का एवाकाडो तंजानिया, पेरू, चिली, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से आता है तो भारत कहां से एवाकाडो अमेरिका को निर्यात करेगा। इसी तरह भारत में सेब की अपनी जरुरत अमेरिका से लेकर न्यूजीलैंड और चीन के सेब से पूरी होती है। बहरहाल, भारत को एक तरफ अनाज, फल आदि का उत्पादन बढ़ाना होगा, उन्हें पेस्टिसाइड से मुक्त करना होगा और अमेरिकी व यूरोपीय स्टैंडर्ड का करना होगा। उसके साथ ही अपना बुनियादी ढांचा भी मजबूत करना होगा।

सरकार कह रही है कि उसने किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया है। लेकिन अभी समझौते का अंतिम मसौदा सामने आना बाकी है। सरकार ने सोयाबीन तेल पर से टैरिफ हटा दिया है, जबकि अभी तक उस पर 45 फीसदी टैरिफ लगता था। इसी तरह ड्राई डिस्टिलर्स ग्रेन को अनुमति दी गई और उस पर लगने वाले 14 फीसदी टैरिफ को जीरो किया गया है। बादाम पर 42 रुपए प्रति किलो और बादाम गिरि पर सौ रुपए किलो टैरिफ लगता था और अखरोट एक सौ फीसदी व अखरोट गिरि पर 120 फीसदी टैरिफ लगता था। उसे भी जीरो कर दिया गया है।

इससे किसानों पर होने वाले असर का आकलन होना बाकी है लेकिन भारत को मिलने वाले आयात शुल्क में इससे अच्छी खासी कमी आएगी। सो, अगर भारत का निर्यात बहुत बड़ी मात्रा में नहीं बढ़ता है और आयात बढ़ता जाता है और अनेक चीजों पर आयात शुल्क कम हो जाता है तो भारत को विदेशी मुद्रा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल, सौदे में कुछ तो गड़बड़ी है, जिसकी वजह से कोई खुल कर नहीं बात कर रहा है। सौदे के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री कहते हैं कि वाणिज्य मंत्री बताएंगे और रूस से तेल खरीदने के मामले पर वाणिज्य मंत्री कहते हैं कि विदेश मंत्री जानें या तेल कंपनियां जानें। भारत में शासन की इतनी केंद्रीकृत व्यवस्था में पहली बार ऐसा विकेंद्रीकरण देखने को मिल रहा है।

# जाति संघर्ष का सर्वसमावेशी समाधान वक्त की जरूरत

उमेश चतुर्वेदी ।

**पिछड़ों को आरक्षण को समाज ने स्वीकार कर लिया था, तभी दूसरे सवर्ण और मनमोहन सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने साल 2006 में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की शुरूआत कर दी। इसके विरोध में एक बार फिर युवा राजनीति उभरी।विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के दिशा-निर्देशों से ना सिर्फ जाति विमर्श केंद्र में आ गया है, बल्कि हिंदू समाज जातीय खांचे में बंटता नजर आ रहा है।**



आर्थिक और शैक्षिक विकास की वजह से जाति विभाजन की जो रेखाएं मध्यम पड़ने लगी थीं, वे एक बार फिर गहरी होती नजर आ रही है। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद जैसा स्पष्ट विभाजन हिंदू समाज में दिख रहा था, कुछ उसी राह पर एक बार फिर समाज बढ़ता दिख रहा है। जाति के तवे पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाले कुछ दल यूजीसी की गाइडलाइन को लागू करने के लिए छात्रों के बीच जाति विमर्श की आंच को हवा दे रहे हैं तो इस गाइडलाइन के विरोध में खड़े सवर्ण समाज के लोग भी अपने समाज के छात्रों को लामबंद करने में प्राणपण से जुटे हुए हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट के बाद जिस तरह नया राजनीतिक विमर्श खड़ा हुआ, जिससे कुछ राजनीतिक दलों और शख्सियतों को उभरने का मौका मिला, कुछ वैसे ही हालात एक बार फिर बनते दिख रहे हैं। अगर यूजीसी गाइडलाइन का सर्वसमावेशी हल नहीं खोजा गया तो हिंदुत्व की राजनीति पर भी असर पड़ सकता है। हिंदू एकता का सपना भी खतरे में पड़ सकता है।

राजनीति के बारे में एक धारणा है। सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास ने जाति विभाजन को जहां कमजोर किया, वहीं राजनीति इसे जिंदा करने में सफल हुई है। सामाजिक यात्रा में पिछड़ी रह गई जातियों के उत्थान के नाम पर राजनीति ने जाति विमर्श को केंद्र में लाने का सबसे बड़ा योगदान विश्वनाथ प्रताप सिंह को जाता है, जिन्होंने देवीलाल के राजनीतिक रसूख को काबू में करने के लिए 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट पर पड़ी धूल को झाड़ा और उसे लागू कर दिया। पैंतीस साल पहले के उस फैसले ने समाज को बुरी तरह विभाजित कर दिया। मंडल आयोग के खिलाफ तकरीबन समूचा उत्तर भारत धधक उठा था। सवर्ण समुदाय के छात्रों और नौजवानों को अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगा था। उन्होंने खुद को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। विश्वनाथ प्रताप सिंह कविता भी करते थे। कवि को लेकर धारणा है है कि वह कोमल हृदय का स्वामी होता है। लेकिन आग की लपटों के बीच धू-धूकर जवानी को जलती देखकर भी कवि हृदय प्रधान मंत्री नहीं पसीजे थे। उस दौर के शरद यादव सवर्ण समाज के कटु आलोचक और पिछड़ावादी राजनीति के प्रबल पैरोकार के रूप में उभरे। मंडल आयोग की रिपोर्ट से समाज के बीच जो खाई पैदा हुई, बाद की राजनीति ने उसे और ज्यादा चौड़ा और गहरा ही किया है।

पिछड़ों को आरक्षण को समाज ने स्वीकार कर लिया था, तभी दूसरे सवर्ण और मनमोहन सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने साल 2006 में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की शुरूआत कर दी। इसके विरोध में एक बार फिर युवा राजनीति उभरी। यूथ फॉर इक्वलिटी के बैनर तले दिल्ली में इस फैसले के खिलाफ युवा सड़कों पर उतर पड़े। इस आंदोलन के चलते भी सामाजिक विभाजन बढ़ा। शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में आरक्षण के विरोधी समुदायों और इसके समर्थक समुदायों के बीच एक बार फिर विभाजक रेखा गहरी हुई। इससे भी देश उबर रहा था कि यूजीसी की गाइडलाइन आ गई और फिर से एक बार भारतीय समाज गहरे अंतरद्वंद्व और सामाजिक संघर्ष से जूझने लगा। यह संघर्ष अभी समाज में सीधे तो नहीं दिख रहा, लेकिन विश्वविद्यालयों के परिसर इसके चलते उबल रहे हैं। एक तरफ इस गाइडलाइन के समर्थक हैं तो दूसरी तरफ उसके विरोधी।

आज पिछड़ावाद, दलितवाद, अल्पसंख्यकवाद और महिलावाद का जोर है। इन तबकों के उभार के विचार को सामाजिक न्याय करीब साढ़े तीन दशकों से स्वीकार किया जा रहा है। इन वादों को सामाजिक लोकवृत्त यानी पब्लिक स्फीयर के केंद्र में लाने का विचार समाजवादी राजनीतिक दलों का रहा है, लेकिन इसे मूर्त रूप में लाने वाले कांग्रेसी मूल के राजनेता ही रहे हैं। समाजवादी दलों के ही परोक्ष समर्थन से पहली बार तीस मई 1933 को बिहार के मौजूदा रोहतास जिले के करगहर में त्रिवेणी संघ की स्थापना हुई थी। जिसमें कोइरी यानी कुशवाहा, कुर्मी और यादव जातियों के नेता साथ आए थे और पिछड़ावादी राजनीति की नींव डाली थी। एक तरह से जातिवादी राजनीति की नींव आजादी के पहले ही पड़ गई थी। मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करते वक्त विश्वनाथ प्रताप सिंह भले ही जनता दल नामक समाजवादी विचारधारा वाले दल के नेता थे, लेकिन महज तीन साल पहले तक वे कांग्रेसी थे। अर्जुन सिंह भी कांग्रेसी ही थे। आज राहुल गांधी भी जाति जनगणना को लेकर उत्साहित नजर आते हैं। पता नहीं राहुल गांधी को पता है या नहीं, अर्जुन सिंह और विश्वनाथ प्रताप सिंह को जानकारी जरूर रही होगी। राहुल गांधी की दादी के पिता और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 27 जून 1961 को देश के मुख्यमंत्रियों के नाम तीस पैराग्राफ का एक लंबा खत लिखा था। उसके चौबीसवें से छब्बीसवें पैरे में नेहरू ने आज की जाति आधारित आरक्षण को एक तरह से नकार दिया है। उस चिट्ठी में उन्होंने भारत को बनाने को लेकर उनकी जो सोच रही, उसका गहन जिक्र किया है। इस पत्र में नेहरू स्पष्ट रूप से अपने विचार को जाहिर करते हैं। वे आरक्षण आधारित विकास और समाज नहीं चाहते थे, बल्कि ज्ञान केंद्रित समाज का विकास चाहते थे। नेहरू के लिखा था, मुझे किसी भी रूप में आरक्षण पसंद नहीं है। खासकर नौकरियों में आरक्षण। मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूं जो अक्षमता को बढ़ावा देता है और हमें औसत दर्जे की ओर ले जाता है।

यूजीसी की गाइडलाइन का विरोध कर रहे लोग अगर आज यही बात कहें तो उन्हें सामाजिक न्याय का विरोधी माना जाएगा। मंडल आयोग की रिपोर्ट पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद से जिस तरह का राजनीतिक विमर्श स्थापित हुआ, उसमें सवर्ण समाज अपने लोगों के विकास और आरक्षण विरोध की बात करने की हिम्मत नहीं दिखा पाता था। ऐसा करने से उसे दकियानूस माने जाने का खतरा नजर आता था। इसलिए उसने चुप्पी साधे रखी। लेकिन बाद के वर्षों में एससी-एसटी कानून का सवर्ण समाज के खिलाफ जारी दुरूपयोग ने सामाजिक रूप से आगे माने जाते रहे वर्णों और जातियों को मौका मिला। बाढ़ का पानी जब नाक तक पहुंच जाता था, तब व्यक्ति उससे बचाव के लिए छटपटाने लगता है। सवर्ण समाज के लिए यूजीसी की गाइडलाइन नाक तक पहुंचा बाढ़ का पानी है। उसी पानी से बचाव की छटपटाहट ही है कि गाइडलाइन के खिलाफ समूचे देश के सवर्ण समाज में गहन क्षोभ और गुस्सा नजर आ रहा है। अब सवर्ण समुदाय के नौजवान तर्क देने से हिचक नहीं रहे कि जब पिछड़ावाद हो सकता है, दलितवाद प्रगतिशील विचार हो सकता है, अल्पसंख्यकवाद सामाजिक न्याय का प्रतीक हो सकता है तो ब्राह्मणवाद या सवर्णवाद दकियानूस क्यों? सवर्ण समुदाय के बच्चों का कहना है कि माना कि उनके पूर्वजों ने गलती की तो उसकी सजा हम क्यों भुगतें। ध्यान देने की बात है कि राममंदिर आंदोलन के बाद सवर्ण समाज ने पूरी तरह बीजेपी का दामन थाम लिया। उसे बीजेपी में अपनी दबी भावनाओं की अभिव्यक्ति की राह दिखती रही है। लेकिन यूजीसी की गाइडलाइन से वह भौंचक्क रह गया। यही भौंचक्कापन अब गुस्से के रूप में नजर आ रहा है। सत्ता पर निगाह जमाए बैठे विपक्षी दल पर्दे के पीछे से इस गुस्से को हवा दे रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में उन्हें पिछड़ा वोटर के बिदकने का खतरा भी नजर आ रहा है, इसी सोच के चलते वे गाइडलाइन के खिलाफ खुलकर कुछ बोलने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं कि बीजेपी में इस आफत की काट नहीं खोजी जा रही होगी। बीजेपी संगठन और सरकार के आलानेता इस जातीय विमर्श को ठंडा करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। लेकिन इस समस्या का समाधान ढूंढ़ने में जितनी देर होगी, जाति विमर्श उतना ही बढ़ेगा। अगर सवर्ण समुदाय का गुस्सा ठंडा नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बीजेपी की चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

## तस्वीरों की दुनिया




भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के. संजय मूर्ति नई दिल्ली में भारत मंडपम में 'पावर सेक्टर' पर राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए।



भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के. संजय मूर्ति, नई दिल्ली में भारत मंडपम में 'पावर सेक्टर' पर राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए।



केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, नई दिल्ली में भारतीय रिजर्व बैंक के सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की बजट के बाद हुई 621 वीं मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करती हुई।



आईसीएआर-इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. सीएच. श्रीनिवास राव नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले के बारे में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।



नेपाल के धाडिंग में त्रिशूली नदी के किनारे हुए बस एक्सीडेंट की जगह पर बचाव दल काम कर रहे हैं।



विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली के इंदिरा भवन में बहुजन कार्यकर्ताओं से बातचीत की।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर में द्विपक्षीय बैठक के दौरान सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की।

# INDIA गठबंधन के संयोजक के लिए स्टालिन सबसे उपयुक्त अय्यर की पैरवी से फंसी कांग्रेस, BJP ने ली चुटकी



**नईदिल्ली, 24 फरवरी [एजेंसी]।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी की लाइन से हटकर बड़ा बयान दिया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन आईएनडीआईए के संयोजक पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय राजनीति में विपक्षी गठबंधन की एकता के लिए किसी प्रभावशाली बड़े दल के बजाय किसी छोटे और क्षेत्रीय साथी का नेतृत्व में होना एक बेहतर गारंटी है। उधर, आईएनडीआईए के नेतृत्व को लेकर छिड़ी बहस के बीच भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने मणिशंकर अय्यर पर तंज कसा है। गठबंधन की मजबूती एवं राहुल का भविष्य बहरहाल, अय्यर ने कहा, मौजूदा परिस्थितियों में 2029 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए एमके स्टालिन से बेहतर कोई भी आईएनडीआईए का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल एक मजबूत आईएनडीआईए ही 2029 के आम चुनाव में जीत सुनिश्चित कर सकता है, जिसके बिना राहुल गांधी का प्रधानमंत्री बनना संभव नहीं है।अय्यर के अनुसार, स्टालिन राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन को दिशा दे सकते हैं, जबकि उनके बेटे उदयनिधि और उनके सहयोगी राज्य सरकार की कमान संभाल सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस को सलाह दी कि सबसे बड़ा साझेदार होने के नाते उसे स्टालिन के नेतृत्व संभालने पर घबराना नहीं चाहिए। अपने सुझाव के पीछे तर्क देते हुए अय्यर ने कहा कि स्टालिन एक असाधारण प्रशासक हैं, जो आम सहमति बनाना जानते हैं। उन्होंने स्टालिन की बेदाग धर्मनिरपेक्ष छवि और जनता के मुद्दों को पहचानने की क्षमता की भी सराहना की। अय्यर ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा, जिस तरह 1962 में चीन से हार के बाद जवाहरलाल नेहरू ने कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए के. कामराज को अध्यक्ष बनाया था, उसी तरह स्टालिन 21वीं सदी के कामराज बनकर आईएनडीआईए को जीत दिला सकते हैं। हालांकि, अय्यर के इस सुझाव ने कांग्रेस हलकों में नाराजगी पैदा कर दी है, खासकर ऐसे समय में जब उनके और पार्टी के बीच संबंध पहले से ही तनावपूर्ण चल रहे हैं।शाहनवाज भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने मणिशंकर अय्यर के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी जिसमें उन्होंने ममता बनर्जी को आईएनडीआईए का नेतृत्व सौंपने की वकालत की थी। शाहनवाज ने कहा, मणिशंकर अय्यर खुद ममता बनर्जी से अधिक सक्षम हैं। वे अधिक शिक्षित हैं, आईएफएस अधिकारी रहे हैं और लंबे समय तक संसद में रहे हैं। विपक्षी गठबंधन का प्रमुख मणिशंकर अय्यर को बनाना एक बेहतर विकल्प होगा।

**भारत आ रहे कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी, पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर होगी चर्चा**

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 26 फरवरी को भारत यात्रा पर रवाना होंगे। उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत के साथ संबंधों का विस्तार करना और रक्षा, ऊर्जा तथा एआइ के क्षेत्र में नई साझेदारियां स्थापित करना है। कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्नी पहले मुंबई जाएंगे और फिर नई दिल्ली। नई दिल्ली में वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और एआई, प्रतिभा और संस्कृति तथा रक्षा क्षेत्रों में महत्वाकांक्षी साझेदारियों के साथ कनाडा-भारत संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कार्नी कनाडा में निवेश के अवसरों की पहचान करने और दोनों देशों के व्यवसायों के बीच नई साझेदारियां बनाने के लिए शीर्ष उद्योगपतियों से भी मुलाकात करेंगे।

## कार ने मारी टक्कर, हेलमेट के बावजूद नहीं बची बाइक सवार युवक की जान, एक माह पहले हुई थी शादी

**भोपाल।** राजधानी के शाहपुरा इलाके में रविवार रात रफ्तार ने एक घर की खुशियां उजाड़ दीं। दानापानी रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत फरार हो गया। शाहपुरा थाना पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय शुभांकर गौर बीडीए कॉलोनी, अवधपुरी का निवासी था और पेशे से कारपेंटर था। रविवार रात वह साइट से काम खत्म कर घर लौट रहा था। इसी दौरान दानापानी रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।शुभांकर ने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन पेट और पसलियों में आई गंभीर अंदरूनी चोटें जानलेवा साबित हुईं। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी संतोष मरकाम के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों ने कार से टक्कर मारने की पुष्टि की है।

## सऊदी अरब के रियाद में बदल जाएगा एअर इंडिया का पता, अब टर्मिनल 5 से उड़ान भरेंगे विमान



**रियाद।** सऊदी अरब के रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बड़े स्तर पर टर्मिनल पुनर्गठन का कार्य चल रहा है। इस बीच एअर इंडिया के टर्मिनल में बड़ा बदलाव किया गया है। आगामी 25 फरवरी से एअर इंडिया की सभी आवक और प्रस्थान उड़ानें अब नए आवंटित टर्मिनल 5 से संचालित होंगी। दरअसल, एअर इंडिया ने सोमवार, 23 फरवरी को घोषणा की कि सऊदी अरब के रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उसकी सभी उड़ानें टर्मिनल 5 से संचालित होंगी। यह बदलाव, 25 फरवरी से प्रभावी होंगे। एअर इंडिया ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 25 फरवरी 2026 से, रियाद, सऊदी अरब आने-जाने वाली हमारी सभी फ्लाइट्स किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 5 से चलेंगी।

यात्रियों से रिक्वेस्ट है कि बुकिंग करते समय अपनी अपडेटेड कॉन्टैक्ट डिटेल्स शेयर करें ताकि आपको हमारी तरफ से तुरंत नोटिफिकेशन मिल सकें।रियाद एयरपोर्ट्स कंपनी (आरएसी) द्वारा प्रबंधित और संचालित, रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 16 फरवरी से 25 फरवरी तक टर्मिनल परिवर्तन परियोजना को लागू करना शुरू कर दिया है। गल्फ न्यूज के अनुसार, इसका उद्देश्य सऊदी राजधानी के मुख्य प्रवेश द्वार पर यात्रियों के प्रवाह को बेहतर बनाने के साथ-साथ समग्र यात्रा अनुभव और परिचालन दक्षता को बढ़ाना है।25 फरवरी से, टर्मिनल 5 को विदेशी एयरलाइंस द्वारा संचालित सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए निर्धारित किया जाएगा।

## असम अरुणाचल सीमा विवाद सुलझाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम, दोनों राज्यों के बीच पहला सीमा स्तंभ स्थापित



**गुवाहाटी, 24 फरवरी [एजेंसी]।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच पहले सीमा स्तंभ (पिलर) की स्थापना को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। हिमंत ने कहा कि स्पष्ट सीमाएं तेज विकास, बेहतर कानून-व्यवस्था और दोनों राज्यों के बीच बेहतर समन्वय का मार्ग प्रशस्त करेंगी।उन्होंने यह भी कहा कि असम सभी अंतर-राज्यीय मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा नेएक्स पर पोस्ट में कहा कि नामसाई घोषणा पर हस्ताक्षर के बाद अरुणाचल प्रदेश के पक्के केसांग जिले में पहला सीमा स्तंभ स्थापित किया गया है। यह दोनों राज्यों के बीच लंबित विवादों को संवाद और सहयोग के माध्यम से हल करने की साझा प्रतिबद्धता दर्शाता है।

सीमा स्तंभ की स्थापना असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच सहयोग और विश्वास का प्रतीक है। यह कदम उन सीमावर्ती गांवों में स्थायी शांति और प्रशासनिक निश्चितता लाएगा, जो कई दशकों से अस्पष्टता से प्रभावित थे। इससे पहले असम और अरुणाचल ने नामसाई घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे।हिमंत ने कहा कि इस समझौते में स्थानीय समुदायों की भलाई को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने और पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एकता को बढ़ावा देने के लिए श्रेय दिया। हिमंत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू को उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि नामसाई घोषणा पर असम और अरुणाचल प्रदेश ने व्यापक परामर्श के बाद हस्ताक्षर किए थे।

## एपस्टीन फाइल्स में नाम आने के बाद ब्रिटेन में बड़ी कार्रवाई

### पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन गिरफ्तार

**लंदन, 24 फरवरी [एजेंसी]।**

यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंध उजागर होने के बाद अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को लंदन पुलिस ने सरकारी पद पर रहकर कदाचार करने के संदेह में गिरफ्तार कर लिया है। 72 वर्षीय मैंडेलसन को सितंबर में ब्रिटेन की राजनयिक सेवा की सबसे प्रतिष्ठित पोस्टिंग से बर्खास्त कर दिया गया था। पुलिस ने इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर सरकार द्वारा पूर्व राजदूत और एपस्टीन के बीच हुई बातचीत को सार्वजनिक करने के बाद मैंडेलसन के विरुद्ध आपराधिक जांच शुरू की थी।

जनवरी के आखिर में अमेरिकी न्याय विभाग ने मैंडेलसन और एपस्टीन के बीच हुए ईमेल जारी किए थे।उनसे पता चला था कि दोनों लोगों के बीच कहीं ज्यादा करीबी रिश्ता था। मैंडेलसन जब गार्डन ब्राउन की सरकार में मंत्री थे, तब उन्होंने एपस्टीन के साथ जानकारियां साझा की थीं। मैंडेलसन ने इसी महीने स्टार्मर की लेबर पार्टी व संसद के ऊपरी सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। साथ ही एपस्टीन के साथ रिश्तों पर अफसोस जताया था।

## राजकोट में 1500 अवैध घरों पर चला बुलडोजर अपराधियों का गढ़ बन चुकी थी बस्ती



**अहमदाबाद, 24 फरवरी [एजेंसी]।**

गुजरात के राजकोट में सरकारी जमीन पर बसी अवैध बस्ती जंगलेश्वर के करीब पंद्रह सौ घरों पर सोमवार को महानगर पालिका ने बुलडोजर चला दिया। यह बस्ती अपराधियों की शरणस्थली बन चुकी थी। अतिक्रमण रोधी इस कार्यवाही के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने बताया कि यह क्षेत्र अपराधियों की शरणस्थली बन गया था। यहां से हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, मारपीट, ड्रग्स की तस्करी में शामिल अपराधियों की धरपकड़ की गई थी। उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने चेताया है कि सरकारी जमीन पर गुजरात में कही पर भी अतिक्रमण कर गैरकानूनी गतिविधियां की गईं तो सरकार त्वरित सर्वे कराकर कार्रवाई करेगी। संघवी ने बताया कि लंबे समय से राजकोट के जंगलेश्वर में अपराधी तत्वों के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि बीते दस वर्षों से इस इलाके में जुआ के 65 अड्डे पकड़े गए।बीते कुछ वर्ष में जंगलेश्वर क्षेत्र से हत्या का प्रयास करने के आठ आरोपित, दुष्कर्म के 15 मामलों में 19 आरोपित, मारपीट व अशांति फैलाने के 68 आरोपित पकड़े गए। पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला ने राज्य सरकार से मांग की है कि इन परिवारों को उजाड़ने से पहले उन अधिकारियों पर कार्यवाही की जानी चाहिए जिनके कारण ये अतिक्रमण किये गये।

## एआई समिट प्रदर्शन: विरोध लोकतंत्र का दिल है, अपराध नहीं

### कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई को वेणुगोपाल ने बताया उत्पीड़न



**नईदिल्ली, 24 फरवरी [एजेंसी]।**

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान शर्टलेस विरोध प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी ने अपने युवा विंग के नेताओं की गिरफ्तारी और हिरासत की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। पार्टी ने इन गिरफ्तारियों को पूरी तरह अवैध बताते हुए मांग की है कि सभी कार्यकर्ताओं को तुरंत रिहा किया जाए और उन पर लगे आरोप हटाए जाएं। पार्टी का स्पष्ट कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध करना कोई गुनाह नहीं है और उत्पीड़न की यह कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। विरोध लोकतंत्र का दिल है, अपराध नहींकांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सरकार को घेरते हुए एक्स पर कहा, शांतिपूर्ण असहमति को अपराध या खतरा नहीं माना जाना चाहिए। विरोध लोकतंत्र का दिल है, अपराध नहीं। हमारे कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से पीएम की कमियों को उजागर किया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन गिरफ्तारियां ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से हुई हैं। इसके अलावा, युवा विंग के यूपी महासचिव ऋतिक शुक्ला को हिरासत में लिया गया है और युवा विंग के अध्यक्ष उदय भानु चिब से पूछताछ की जा रही है।शशिकांत सेंथिल सहित कांग्रेस के सात सांसदों ने प्रेस कान्फ्रेंस कर कार्यकर्ताओं के प्रति एकजुटता जताई।

## नमो भारत के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए पार्किंग सुविधा शुरू, ऐप से मिलेगी रियल टाइम जानकारी



**दक्षिणी दिल्ली, 24 फरवरी [एजेंसी]।**

राजधानी दिल्ली से मेरठ तक नमो भारत कॉरिडोर पर पड़ने वाले सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए पार्किंग सुविधा भी शुरू कर दी गई है। एनसीआरटीसी ने सोमवार को इसके लिए किराया सूची जारी की। दिल्ली के स्टेशनों पर छह घंटे तक साइकिल पार्क करने के लिए पांच रुपये, बाइक के लिए 20 और कार या एसयूवी के लिए 50 रुपये शुल्क निर्धारित है।इसके अलावा 16 घंटों से परिचालन समय तक के दुपहिया वाहनों के 50 रुपये व कार या एसयूवी के लिए 100 रुपये की दर तय की गई है। वहीं उत्तर प्रदेश में सभी स्टेशनों पर छह घंटे तक साइकिल के लिए पांच रुपये, बाइक के लिए 10 रुपये और कार या एसयूवी के लिए 30 रुपये लगेंगे। छह से 12 घंटे के लिए बाइक के 25 रुपये और कार या एसयूवी के 60 रुपये लगेंगे।इसके अलावा नमो भारत कनेक्ट ऐप पर रियल टाइम पार्किंग उपलब्धता के बारे में जानकारी भी मिल जाती है। वहीं एनसीआरटीसी ने दिल्ली से मेरठ तक सभी नमो भारत स्टेशनों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी विकल्प प्रदान करने के लिए किराये पर दोपहिया वाहन, साइकिल और फीडर बस, कैब और आटोरिक्शा सहित कई तरह के विभिन्न मोबिलिटी विकल्प प्रदान करने के लिए भागीदारी की है।नमो भारत कनेक्ट ऐप पर यात्रियों को और अधिक सुविधा व आरामदायक बनाने हेतु कई नए फीचर हैं। जैसे लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, लास्ट माइल कनेक्टिविटी विकल्प, स्टेशन सुविधाएं स्टेशन नेविगेशन, खोया पाया आदि।

## घर में लगी भीषण आग, तीन बच्चों समेत पांच लोगों की जलकर मौत



**मेरठ।** जिले के एक घर में आग लगने से दो महिला और पांच बच्चे झुलस गए। सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन बच्चों सहित पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।किदवई नगर में इकबाल अहमद का परिवार रहता है। सोमवार को परिवार के सभी लोग घर पर मौजूद थे। रात साढ़े नौ बजे घर में आग लग गई। ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद परिवार के लोग बाहर निकल गए, लेकिन प्रथम फ्लोर पर मौजूद लोग फंस गए। पुलिस व फायर ब्रिगेड ने फंसे परिवार के सात सदस्यों को निकालने के लिए मकान के पीछे की दीवार तोड़ी और सीढ़ी से एक-एक कर बाहर निकाला।आग से बुरी तरह झुलसी हालत में सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन बच्चों समेत पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

**अमरनाथ यात्रा की तैयारियां शुरू**

## डीसी ने दिए अहम निर्देश, बिजली-पानी और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष फोकस



**उधमपुर।** रामबन जिले के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद इलियास खान ने सोमवार को श्री अमरनाथ यात्रा 2026 की तैयारियों के लिए अलग-अलग विभागों के इंतजामों की समीक्षा के लिए एक हाई-लेवल मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने यात्रा को आसान, सुरक्षित और ऑर्गनाइज्ड तरीके से चलाने के लिए एक टाइम-बाउंड एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया। मीटिंग के दौरान, डिप्टी कमिश्नर ने निर्देश दिया कि यात्रा के दौरान बिना रुकावट बिजली और पीने के पानी की सप्लाई, अच्छी हेल्थ सर्विस, साफ-सफाई, लंगर वाली जगहों पर सुविधाएं, रुकने की जगहों पर सही इंतजाम और पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाना पक्का किया जाए।

उन्होंने खास तौर पर लांबर (बनिहाल) यात्रा कैंप, SASB यात्री निवास और चंद्रकोट लंगर वाली जगह पर बेहतर कोऑर्डिनेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया। उन्होंने नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक को आसान बनाए रखने और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम करने का भी निर्देश दिया। JPDCL, जल शक्ति और पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट को बिजली, पानी और इंफ्रास्ट्रक्चर पक्का करने के लिए कहा गया, जबकि नगर निकायों को असरदार सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान बनाने का निर्देश दिया गया।इस मौके पर रामबन SSP अरुण गुप्ता, SSP ट्रैफिक NHW राजा आदिल हमीद, ADC वरुणजीत सिंह चरक, SDM बनिहाल मोहम्मद नसीब बजरान और अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारी मौजूद थे।

## रांची से दिल्ली जा रहा एयर एंबुलेंस चतरा में क्रैश, विमान में सवार 7 लोगों की मौत



**रांची, 24 फरवरी [एजेंसी]।**

रांची से एक मरीज को इलाज के लिए दिल्ली लेकर जा रही एक एयर एंबुलेंस सोमवार रात चतरा में क्रैश हो गई। इस विमान पर मरीज समेत कुल सात लोग सवार थे, जिनमें सभी की मौत हो गई। बताया जाता है कि आग से गंभीर रूप से झुलसे लातेहार के चंदवा निवासी मरीज संजय कुमार को शाम 7.11 बजे रांची के देवकमल अस्पताल से दिल्ली ले जाया जा रहा था। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला एक मेडिकल एंबुलेंस एयरक्राफ्ट तकनीकी खराबी के बाद रडार से गायब हो गया और सिमरिया थाना क्षेत्र में क्रैश हो गया है।

रेड बर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच क्राफ्ट सी 90 एयर एंबुलेंस में मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी व एक अन्य स्वजन ध्रुव कुमार के अलावा एंबुलेस टीम के कैप्टन विवेक विकास भगत, कैप्टन स्वराज दीप सिंह, डॉ. विकास कुमार गुप्ता और पारा मेडिकल स्टाफ सचिन कुमार गुप्ता सवार थे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि शाम 7.34 बजे एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से विमान का संपर्क अचानक टूट गया। संपर्क टूटते ही तत्काल हाई अलर्ट जारी कर दिया गया।इसी बीच चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत करमाटांड़ गांव के पास स्थित जंगल में स्थानीय लोगों ने विमान का मलबा देखे जाने की सूचना दी। बाद में चतरा जिला पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत कार्य चलाया।रांची एयरपोर्ट के अनुसार एक मेडिकल फ्लाइट ने उड़ान भरी। अगले स्टेशन से उसका संपर्क हुआ, फिर कंट्रोल अगले स्टेशन को सौंप दिया गया। इसके बाद संपर्क टूट गया। प्लेन ने रांची एयरपोर्ट से संपर्क नहीं किया। राज्य को इस बारे में बता दिया गया है। सभी जरूरी SOPs का पालन किया जा रहा है।

## MP में वक्फ संपत्तियों के पंजीयन में गड़बड़ी, 77 करोड़ की जमीन पर सवाल, CAG की रिपोर्ट में खुलासा

**भोपाल, 24 फरवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। विधानसभा में पेश नियंत्रक व महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीयन में व्यापक गड़बड़ियां हुईं। रिपोर्ट के अनुसार सामुदायिक उपयोग और सरकारी प्रयोजन के लिए आरक्षित भूमि को भी वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज किया गया, जिनका अनुमानित बाजार मूल्य 77 करोड़ रुपये बताया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि कई मामलों में जिला प्रशासन की आपत्तियों को दरकिनार कर पंजीयन किए गए। धार जिले की बसंत विहार कॉलोनी में दो आवेदकों ने अपने 66.87 वर्गमीटर के मकानों को मस्जिद उद्देश्य से वक्फ के रूप में दर्ज कराने आवेदन दिया था। कलेक्टर ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने से इंकार किया, लेकिन 18 नवंबर 2022 को बोर्ड ने 30 दिन की समय-सीमा समाप्त होने का हवाला देकर संपत्तियों का पंजीयन कर दिया। बाद में कलेक्टर ने पंजीकरण निरस्त करने का आदेश भी जारी किया, पर मामला न्यायाधिकरण में लंबित है।रिपोर्ट में उल्लेख है कि जांची गई 81 संपत्तियों में से लगभग आधी सरकारी भूमि पाई गई।भोपाल के मिसरोद क्षेत्र में एक ऐसा मामला सामने आया, जहां जिस जमीन पर स्कूल और पुलिस स्टेशन संचालित हैं, उसे कब्रिस्तान दर्शाकर वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज कर लिया गया। तहसीलदार और थाना प्रभारी की आपत्तियों के बावजूद पंजीयन किया गया।इसी तरह विदिशा जिले के हलाली जलाशय क्षेत्र में 410 वर्गमीटर वन भूमि को वक्फ के रूप में दर्ज किया गया, जबकि वह वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत पट्टे पर दी गई थी। जनवरी 2023 में इसे औकाफ रजिस्टर में शामिल कर लिया गया। भोपाल के संजय नगर लेंडिया तालाब क्षेत्र की 19.80 वर्गमीटर भूमि, जिसे वर्ष 1994 में 30 वर्ष के पट्टे पर दिया गया था और जिसका स्वामित्व शासन के पास सुरक्षित था, उसे भी 2021 में वक्फ के रूप में दर्ज कराने का आवेदन किया गया। रिपोर्ट में इसे अवैध कब्जे का मामला बताते हुए शासन को हस्तक्षेप की सलाह दी गई है।वक्फ प्रबंधन समिति के अभिलेखों की जांच में सामने आया कि भोपाल में 3,887 आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों का मासिक किराया मात्र दो रुपये तक वसूला जा रहा था।




दिसंबर 2020 में समिति ने बोर्ड को सूचित किया कि पट्टा नियम 2020 के अनुसार वसूल योग्य किराए और वास्तविक किराए में लगभग 1.35 करोड़ रुपये प्रतिमाह का अंतर है।इसके अलावा 14 हजार से अधिक पंजीकृत वक्फ संपत्तियों में से वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान केवल 2 से 3 प्रतिशत ने ही अपने लेखे-जोखे बोर्ड को प्रस्तुत किए।रिपोर्ट के सामने आने के बाद वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, निगरानी और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। अब देखना होगा कि सरकार इस पर क्या कार्रवाई करती है।

# रोजाना 5 मिनट का ध्यान जीवन को बनाता है बेहतर


**ध्यान एक ऐसा अभ्यास है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप रोजाना केवल 5 मिनट का ध्यान करते हैं तो इससे आपके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। यह न केवल आपको तनाव मुक्त करता है, बल्कि आपके मन को भी शांत करता है और आपको अधिक केंद्रित रहने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि कैसे 5 मिनट का ध्यान आपके जीवन को बेहतर बना सकता है।**

ध्यान लगाने से करें सुबह की शुरुआत

सुबह का समय सबसे अधिक सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है। जब आप सुबह उठते हैं तो आपका मन शांत और ताजगी से भरा होता है। इस समय 5 मिनट का ध्यान करना आपके दिन की शुरुआत को बेहतर बना सकता है। यह आपको पूरे दिन ऊर्जा और उत्साह से भर रख सकता है। इसके अलावा यह आपके मन को स्थिर करता है और आपको अधिक केंद्रित और सकारात्मक महसूस करवाता है।

खाने के दौरान लगाएं ध्यान

खाने का समय भी ध्यान लगाने का एक अच्छा अवसर हो सकता है। जब आप खाना खा रहे हों तो हर निवाले को ध्यानपूर्वक चखें और उसका आनंद लें। इससे न केवल आपका भोजन अधिक स्वादिष्ट लगेगा, बल्कि आप अधिक संतुष्ट भी महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको अपने भोजन के प्रति जागरूक बनाता है और



खाने की आदतों को सुधारने में मदद करता है। इससे आप अधिक संतुलित और सेहतमंद भोजन का अनुभव कर पाएंगे।

चलने के दौरान लगाएं ध्यान

चलना एक प्राकृतिक गतिविधि है, जिसे हम सभी करते हैं। अगर आप चलते समय 5 मिनट का ध्यान लगाते हैं तो यह आपके मन को स्थिर करता है और आपको अधिक केंद्रित बना सकता है। आप अपने कदमों पर ध्यान दें, सांसों की आवाज सुनें और अपने आस=पास की प्रकृति का आनंद लें। इससे न केवल आपका मन शांत होगा, बल्कि आप अधिक ऊर्जा और उत्साह से भरपूर महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखेगा।

सोने से पहले लगाएं ध्यान

सोने से पहले का समय भी बहुत अहम होता है। इस समय 5 मिनट का ध्यान करने से आपका मन शांत हो सकता है और नींद जल्दी आ सकती है। आप अपने दिनभर के अनुभवों पर विचार करें, सकारात्मक सोचें और नकारात्मक विचारों को दूर करें। इससे आपकी नींद गहरी होगी और आप सुबह ताजगी महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको मानसिक शांति और शारीरिक आराम प्रदान करेगा, जिससे आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

काम करने के दौरान लगाएं ध्यान

काम करते समय भी छोटे-छोटे ब्रेक लेकर आप ध्यान लगा सकते हैं।

जब भी आपको लगे कि आप थक रहे हैं या आपका ध्यान भटक रहा है, थोड़ी देर रुके, गहरी सांस लें और अपने मन को स्थिर करें। इससे आपकी उत्पादकता बढ़ेगी और आप अधिक केंद्रित रहेंगे। इन सरल तरीकों से आप अपने रोजमर्रा के जीवन में आसानी से ध्यान को शामिल कर सकते हैं और इसके फायदों का पूरा लाभ उठा सकते हैं।

## वन पीस में दिशा पाटनी ने दिए लाजवाब पोज

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें दिशा पाटनी का नाम जरूर शामिल होगा। दिशा पाटनी वो बी टाउन एक्ट्रेस हैं, जो आए दिन अपनी शानदार तस्वीरों के जरिए महफिल लूटती हुई नजर आती हैं। अभिनेत्री दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता हैं कि उन्होंने वन पीस में कई पोज दिए हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है मेरी सबसे प्यारी तस्वीर। दिशा की तस्वीरों को फैंस पसंद कर रहे हैं और उस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा आप हमेशा से खूबसूरत हैं। एक दूसरे यूजर ने उन्हें एशिया क्वीन बताया हैं। हाल ही में दिशा तमिल फिल्म कंगुवा में नजर आई थी। अगली बार वह फिल्म आवारपन 2 और वेलकम टू द जंगल में आने वाली हैं। वह तमिल-अंग्रेजी फिल्म हिलेरियस गार्ड्स सांगा का भी हिस्सा होंगी। अक्सर देखा गया है कि दिशा पाटनी जब भी सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर शेयर करती हैं, वो चंद मिनटों में फैंस के बीच चर्चा का विषय बन जाती है। आलम ये है कि हमेशा की तरह इस बार भी दिशा की ये लेटेस्ट तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने वालीं दिशा पाटनी ने अब तक अपनी कमाल की अदाकारी से हर किसी को प्रभावित किया है।



## हर महिला के पास होने चाहिए सिल्क स्कार्फ



एक अच्छा सिल्क स्कार्फ न केवल आपके लुक को निखारता है, बल्कि इसे पहनने से आप हमेशा स्टाइलिश भी दिखती हैं। यह एक सदाबहार फैशन एक्सेसरी है, जो हर मौसम में आपके कपड़ों को खास बना सकती है। चाहे आप इसे किसी पारंपरिक कपड़े के साथ पहनें या आधुनिक कपड़ों के साथ, सिल्क स्कार्फ हर बार एक नया अंदाज देता है। आज के फैशन टिप्स में जानिए आपके पास किन रंगों वाले सिल्क स्कार्फ होने चाहिए।

सफेद रंग का सिल्क स्कार्फ

सफेद रंग का सिल्क स्कार्फ किसी भी कपड़े के साथ आसानी से मेल खाता है। यह रंग न केवल साफ-सुथरा दिखता है, बल्कि इसे पहनकर आप हमेशा ताजगी महसूस कर सकती हैं। सफेद रंग का सिल्क स्कार्फ आप किसी भी रंग के कपड़े के साथ पहन सकती हैं और यह हर तरह की स्टाइलिंग में अच्छा लगता है। चाहे आप इसे किसी पारंपरिक कपड़े के साथ पहनें या आधुनिक कपड़ों के साथ, यह हर बार एक नया अंदाज देता है।

काले रंग का सिल्क स्कार्फ

काले रंग का सिल्क स्कार्फ एक बेहतरीन विकल्प है, जो हर मौके पर खास लुक देता है। इसे आप किसी भी रंग के कपड़े के साथ पहन सकती हैं और यह हर तरह की स्टाइलिंग में अच्छा लगता है। काले रंग का सिल्क स्कार्फ आपके व्यक्तित्व को निखारता है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कराता है। आप इसे पार्टी में जाते समय भी पहन सकती हैं और ऑफिस के कपड़ों पर भी स्टाइल कर सकती हैं।

लाल रंग का सिल्क स्कार्फ

लाल रंग का सिल्क स्कार्फ हर महिला की अलमारी का हिस्सा होना चाहिए, जो जीवंत लगता है। यह रंग न केवल ध्यान खींचता है, बल्कि इसे पहनकर आप हमेशा ऊर्जा से भरी महसूस कर सकती हैं। लाल रंग का सिल्क स्कार्फ किसी भी मौके पर अच्छा लगता है, फिर चाहे वह शादी समारोह हो या डेट नाइट। आप इसे कुर्ती या साड़ी जैसे पारंपरिक परिधानों के ऊपर भी स्टाइल कर सकती हैं।

नीले रंग का सिल्क स्कार्फ

नीले रंग का सिल्क स्कार्फ एक नरम और सादा विकल्प है, जो हर मौके पर अच्छा लगेगा। इसे आप किसी भी रंग के कपड़े के साथ पहन सकती हैं और यह आपके व्यक्तित्व को निखारने में योगदान देगा। खास तौर से इस रंग वाला स्कार्फ ऑफिस जाने वाली महिलाओं के लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। इस रंग के स्कार्फ को आप काले, नीले, ग्रे और सफेद जैसे सदाबहार रंगों वाले कपड़ों के साथ पेयर करें।



## 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी मिथिला पालकर, बहन के किरदार में आएंगी नजर


भूत बंगला 2026 की उन फिल्मों में से है जिसका दर्शकों को सबसे ज्यादा इंतजार है. इसकी सबसे बड़ी वजह है बॉलीवुड की ओजी जोड़ी अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की 16 साल बाद हो रही धमाकेदार वापसी. बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म ने उन फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, जो इस जोड़ी की आइकॉनिक कॉमेडी फिल्में देख-देखकर बड़े हुए हैं. हर कोई उस सिग्नेचर ह्यूमर और हंसी के जादू को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब है जिसने पिछली कई फिल्मों को यादगार बनाया था.

इस इंतजार को और बढ़ाते हुए अक्षय कुमार ने हाल ही में फिल्म की कास्ट में एक नया नाम जोड़ा है, मिथिला पालकर. अक्षय ने बताया कि मिथिला फिल्म में उनकी बहन का किरदार निभाती नजर आएंगी. इस फ्रेश कास्टिंग ने कहानी में एक नया एंगल जोड़ दिया है, और अब फैंस बस इस जोड़ी के ऑन-स्क्रीन मैजिक का इंतजार कर रहे हैं.

अक्षय कुमार ने खुद इस बारे में बताते हुए कहा, मिथिला ने अपना सफर इंटरनेट से शुरू किया था और आज वह कई फिल्मों में काम कर रही हैं. और जल्द ही, वह एक ऐसे एक्टर के साथ नजर आएंगी जिसे मैं बहुत अच्छी तरह जानता हूं, गेस कीजिए कौन? मैं खुद! भूत बंगला में मिथिला भूत का नहीं, बल्कि मेरी बहन का किरदार निभाती दिखेंगी.

फैंस भूत बंगला के लिए बेहद एक्साइटेड हैं. यह फिल्म न केवल अक्षय और प्रियदर्शन की ओजी जोड़ी को 16 साल बाद वापस ला रही है, बल्कि यह एक कम्पलीट फैमिली एंटरटेनर होने वाली है. इसमें भरपूर कॉमेडी, मजेदार अफरा-तफरी और दिल को छू लेने वाले पल देखने को मिलेंगे. दर्शक अक्षय कुमार को उनके पुराने अंदाज और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग में देखने की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं प्रियदर्शन वही पुराना जादू और कहानियों का वो देसी तड़का वापस ला रहे हैं जिसने उनकी पिछली फिल्मों को यादगार बनाया था. बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव जैसे दिग्गज कलाकार नजर आएंगे. फिल्म के प्रोड्यूसर अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर हैं. तैयार हो जाइए, भूत बंगला 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है.

### मेगास्टार चिरंजीवी की विश्वम्भरा सबसे ज्यादा बजट वाली फिल्म



विश्वम्भरा चिरंजीवी की सबसे महंगी फिल्म बन गई है, जिसका बजट 250 करोड़ से ज़्यादा है, जिससे यह एक ऐसी रिलीज़ बन गई है जिसका बेसब्री से इंतज़ार था। फिल्म का शुरुआती बजट 150 - 200 करोड़ था, जिसमें अकेले चिरंजीवी का मेहनताना लगभग 75 करोड़ था। बजट में बढ़ोतरी की वजह देरी और बड़े पैमाने पर सीजी रीवर्क है, जो फिल्म के बड़े स्केल और शानदार विज़ुअल्स को दिखाता है। फिल्म की रिलीज़ डेट अभी ऑफिशियली अनाउंस नहीं हुई है।

## अनिल कपूर की एक्शन ड्रामा फिल्म सूबेदार का धमाकेदार टीजर रिलीज, 5 मार्च को प्राइम वीडियो पर होगा प्रीमियर

प्राइम वीडियो ने अपनी आने वाली प्राइम ऑरिजिनल एक्शन-ड्रामा मूवी सूबेदार के वर्ल्डवाइड प्रीमियर की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 5 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है। सुरेश त्रिवेणी ने फिल्म सूबेदार का निर्देशन किया हैं और इसे विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर, और सुरेश त्रिवेणी ने साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है।



ओपनिंग इमेज फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क के साथ मिलकर तैयार की गई ये फिल्म बेहद दमदार और जज्बातों से भरी एक्शन-ड्रामा है। सूबेदार की कहानी सुरेश त्रिवेणी और प्रज्वल चंद्रशेखर ने लिखी है जिसमें अनिल कपूर और राधिका मदान मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं, साथ ही सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैजल मलिक और मोना सिंह ने भी अहम किरदार निभाए हैं। सूबेदार फिल्म में एक रिटायर्ड फौजी, सूबेदार अर्जुन मौर्या की जिंदगी के उतार-चढ़ाव भरे सफ़र को दिखाया गया है, जो आज की बदलती दुनिया में सुकून पाने की तलाश में है, जहाँ उसके उन उसूलों पर सवाल उठाए जा रहे हैं जिसके सहारे उसने जिंदगी बिताई है। फिल्म में अनिल कपूर ने ज़बरदस्त अभिनय किया है, जो अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हैं, साथ ही अपने बिखरे हुए परिवार को जोड़ने की कोशिश करते हुए हमेशा सही का साथ देते हैं। भारत का हृदयस्थल में बसी, इस फिल्म में समाज के गिरते स्तर के बीच सम्मान तलाशने की दमदार कहानी को बड़ी संजीदगी से पर्दे पर दिखाया गया है।

## शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो ने 50 करोड़ क्लब में ली एंट्री, अस्सी-दो दीवाने शहर में कांटे की टक्कर बॉर्डर 2 रह गई पीछे



शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म ओ रोमियो को लेकर खबरों में हैं. इस एक्शन ड्रामा में शाहिद कपूर के अपोजिट तृप्ति डिमरी हैं. फिल्म थिएटर में लगी है और 52 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है. आइए जानते हैं फिल्म के 9 दिनों के कलेक्शन के बारे में. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 9वें दिन यानी दूसरे शनिवार को 3.99 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 3.35 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म के टोटल शोज 2689 थे. फिल्म को 15.9 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 52.60 करोड़ हो गया है. दो दीवाने शहर में ने दूसरे दिन 1.92 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन और 1.60 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 1649 शो मिले हैं. इसी के साथ फिल्म को 13.4 करोड़ की ऑक्यूपेंसी मिली.

## शब्द सामर्थ्य -325


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 324 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | ये | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## सू- दोकू क्र.325

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.324का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## भामसं कार्यकर्ता कल करेंगे प्रदर्शन

**कोरबा।** श्रम कानून में सुधार की मांग को लेकर भामसं के कार्यकर्ता कल प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपेंगे। श्रम कानून का स्वागत भामसं कार्यकर्ताओं ने किया है, लेकिन उनका मानना है कि कुछ स्थानों पर सुधार की जरूरत है। इसके लिए सरकार को अवगत कराने के लिए कल ज्ञापन सौंपा जाएगा। भामसं के राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल, अजय मिश्रा, नवरतन बरेठ के नेतृत्व में कार्यकर्ता कोसाबाड़ी क्षेत्र में पहुंचेंगे। इधर कोयला क्षेत्र से रमेश गुरुद्वान, प्रीतम राठौर, चंद्रशेखर राठौर, वीरेंद्र राठौर, कोरबा से रंजय सिंह, राजेंद्र यादव, संजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, पताढ़ी क्षेत्र से शिव पाटले, भीम चौहान, विद्युत मंडल से अमर सिंह राठौर सहित अनेकों कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होंगे। जिसकी तैयारी सभी क्षेत्रों में की जा रही है।

## आंदोलन में शामिल होंगे युवा कांग्रेसी

**कोरबा।** मनरेगा को लेकर कांग्रेस के द्वारा आज किए जाने वाले आंदोलन में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इसके लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। कटघोरा ग्रामीण के अध्यक्ष विकास सिंह, रहमान खान, कुणाल आजाद, सद्दाम सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा तैयारी की जा रही है। इधर युवक कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री लक्ष्मी कंवर, अंकित पाल, शिवम राय भी एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज दिल्ली रवाना हो रहे हैं।

## भाजपाईयों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**कोरबा।** आम लोगों को जागरूक करने व सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए भाजपाईयों को प्रशिक्षण देने का काम शुरू हो गया है। प्रशिक्षण के बाद ये सारे कार्यकर्ता सभी मंडलों में बैठक लेंगे। इसके बाद बूथ स्तर पर प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण करने के बाद सारे बूथों में काम किए जाएंगे। आज कोसाबाड़ी मंडल में अध्यक्ष राजेश राठौर के द्वारा बैठक ली जा रही है जिसमें मिलापराम, पुनीराम, तेरस दास सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। जबकि कल जिला स्तर पर हुए प्रशिक्षण में सभी मंडल के अध्यक्ष सहित उसकी टोली शामिल हुई। इस प्रशिक्षण में अभिषेक गर्ग, रामकुमार गभेल, दिनेश राठौर, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, मनोज लहरे, डिलेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पाइप लाइन का किया गया ट्रायल

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में पाइप लाइन बिछाए गए हैं। लेकिन अभी तक पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं किया गया है। पाइप लाइन बिछाने के बाद कुछ महीने पहले तीन दिनों तक पानी छोड़कर पाइप लाइन का ट्रायल किया गया था। अब कुछ दिनों पहले भी यह कार्य दोबारा किया गया। श्रमिक संगठन के सदस्य पेयजल आपूर्ति में हो रहे बाधा को दूर करने की मांग की है। जेसीसी सदस्य प्रमोद बनर्जी, सुब्रत दास, संजय सिंह, ललिंद्र पवार, राजू श्रीवास्तव, उज्जवल बनर्जी ने प्रबंधन से मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में पोखरी से पेयजल आपूर्ति हो रहा है, यह पर्याप्त नहीं है। गर्मी का मौसम आने से पहले ही पेयजल आपूर्ति अन्य क्षेत्र से शुरू किए जाने की जरूरत है।

# एनएच पर केंदई के पास दो ट्रकों की भिड़ंत, एक चालक जिंदा जला

### बांगो और मोरगा पुलिस ने शुरू किया बचाव कार्य, आवागमन प्रभावित

**कोरबा।** कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे 130 पर रविवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। केंदई के पास दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर हुई इस दुर्घटना में एक ट्रक कोयला लोड कर जा रहा था, जबकि दूसरे ट्रक में सीमेंट भरा हुआ था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि देखते ही देखते दोनों ट्रक आग के गोले में तब्दील हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें कई फीट ऊंची उठ रही थीं। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। राहगीरों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। हमारे संवाददाता के अनुसार, सीमेंट ट्रक का चालक केबिन में फंस गया और आग की



चपेट में आकर उसकी जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

घटना की सूचना मिलते ही मोरगा और बांगो पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने यातायात को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट कर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है। प्रारंभिक आशंका तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग को लेकर जताई जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

# करैइहापारा में हुई वन प्रबंधन समिति की बैठक



**कोरबा।** जिले के केंदई वन परिक्षेत्र में स्थित वन प्रबंधन समिति करैइहापारा की बैठक कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत के निर्देशानुसार एवं केंदई रेंजर अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस बैठक में वनों को आग से बचाने, वन्य प्राणियों की जीवन सुरक्षा तथा पेड़ों की कटाई कड़ाई के साथ रोकने पर चर्चा की गई। बैठक में वनप्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबा राम यादव, उपाध्यक्ष नारायण सिंह, ग्राम सरपंच मनीता पैकरा, उपसरपंच, सीएफओ मंगल सिंह नायक, वन रक्षक पवन बिंझवार, फलसाय, सुकुल राम, रमन सिंह, बालम सिंह, रामेश्वर सिंह, सुमेंद्र सिंह, संभल राय, विजय, भलसाय, अनजल, तुलेश्वर, बंधुराम के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि गर्मी, तेंदूपत्ता एवं महुआ सीजन आते ही वनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में हमारे समक्ष इसे रोकने की चुनौती रहती है। ग्रामीणों व वन विभाग के प्रयास से इसे रोका जा सकता है। अतः महुआ बीनने तथा तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए न तो वनों में स्वयं आग लगाएं और न ही अन्य लोगों को लगाने दें, उन्हें रोकने के लिए प्रेरित करें। वनों में आग लगने से पेड़ों को तो नुकसान होता ही है साथ ही वहां मौजूद वन्य प्राणियों की जान भी संकट में चला जाता है। चर्चा उपरांत बैठक में उपस्थित लोगों ने वनों में आग की घटनाएं रोकने तथा वन्य प्राणियों की रक्षा करने का शपथ लिया। उन्हें शपथ सीएफओ मंगल नायक ने दिलाई।

## पाली में भारी वाहनों के प्रवेश से श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

**कोरबा।** महाशिवरात्रि पर्व के दिन से ही पाली में 15 दिवसीय संचालित होने वाले मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है लेकिन मेले में भारी वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही से न केवल मेला का लुत्त उठाने पहुँचे आमजन को परेशानी हो रही है बल्कि ऐतिहासिक शिव मंदिर में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भी मुश्किलें जाम व व्यवस्थाओं को लेकर बढ़ गई है तथा उन्हें परेशानियों से रूबरू होना पड़ रहा है। संचालित मेले में कुछेक जगहों पर पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स तो है किंतु पुलिस नदारद नजर आती है।

नया बस स्टैंड समीप से शिवमंदिर चौंक व इससे होकर न्यायालय चौंक तक मार्ग के दोनों ओर व्यापारियों की विभिन्न दुकाने मेले में लगी हुई है ,जिन मार्गों पर भारी वाहने घुसकर भीड़भाड़ से निकल रहे है !जिससे सुरक्षा का जोखिम बना हुआ है। भारी वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग है पर उन वाहनों के मेले के भीतर से होकर गुजरने से मेला मार्ग में लंबी जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है !इससे राहगीरों और छोटे वाहनों को निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है !भारी वाहनों के मेले के बीच चलने से पैदल विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय पुलिस की कमी और नियमो के पालन में ढिलाई के कारण यह अव्यवस्था निर्मित हुई है।

## शाखकर्तन कार्यशाला में गूंजा हरा सोना पाना है तो जंगल को आग से बचाने का नारा



**कोरबा।** जिला यूनियन सहकारी समिति मर्यादित जिला कोरबा के प्रबंध संचालक के मार्गदर्शन एवं उप प्रबंध संचालक के निर्देशन में पसरखेत में वन परिक्षेत्र के प्रांगण में वर्ष 2026 का तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला का आयोजित किया गया, जहां जिला यूनियन के पसरखेत एवं करतला के अनेक समितियों के प्रबंधक, फड़ मुंशी, पोषक अधिकारी एवं संग्राहक, वनकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला यूनियन के द्वारा किया गया। इनके द्वारा शाखकर्तन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। जिला यूनियन के उप प्रबंध संचालक ने शाखकर्तन एवं तेंदूपत्ता संग्रहण, प्रोत्साहन गतिविधियों, बीमा, बोनस के विषय में उपस्थितजनों को संबोधित किया। इस दौरान अग्नि घटनाओं, हाथी-मानव द्वंद पर वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत देवदत्त खांडे एवं विषय विशेषज्ञ नोवा नेचर के जितेंद्र सारथी एवं टीम द्वारा आवश्यक जानकारी साझा किया गया। साथ ही वनस्पति विशेष दिनेश ने दुर्लभ वनौषधियों के विषय में रोचक प्रस्तुति दिया। इस दौरान गर्मी सीजन में वनों को आग से बचाने अपील करते हुए नारा लगाया गया, हरा सोना पाना है तो जंगल को आग से बचाना है। बहरहाल इस कार्यशाला से उपस्थित जन समूह ने कार्यक्रम उपरांत नवीन ऊर्जा का अनुभव किया।



नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 29 मुड़ापार बस्ती स्थित निषाद मोहल्ला में नाला की साफ-सफाई नहीं हो पा रही है जिसके कारण परदेशी के घर के पास गंदा पानी सड़क पर आ रहा है। लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही है।

# भू-माफियाओं की नजर दादर क्षेत्र की जमीन पर

**कोरबा।** शहर से सटे दादर खुर्द क्षेत्र में विकास की तेज रफ्तार ने जहां जमीन की कीमतों को आसमान पर पहुंचा दिया है, वहीं इसने भू-माफियाओं की नापाक नीयत को भी बढ़ावा दिया है। नगर निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2784 आवासों का निर्माण क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, लेकिन इसी विकास की आड़ में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं।

क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दादर खुर्द स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन कॉलोनी से सटी श्मशान घाट के सामने करोड़ों रुपए मूल्य की सरकारी जमीन को भू-माफियाओं ने निशाना बनाया है। आरोप है कि इन जमीनों पर रातों-रात कब्जा करने के लिए अवैध निर्माण कर दिया गया है।

ग्रामीणों में इस मामले को लेकर रोष है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कब्जा महज शुरुआत है। उन्हें आशंका है कि अगर प्रशासन ने अभी सख्त कदम नहीं उठाए, तो ये जमीन दलाल पैसों के लालच में श्मशान घाट और तालाब जैसी सार्वजनिक संपत्तियों को भी बेचने से नहीं चूकेंगे। हालांकि ग्रामीण फिलहाल दबी जुबान में ही इस अवैध कब्जे का विरोध कर रहे हैं और यह पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। कई बार स्थानीय मीडिया और संभवतः ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन को इस अवैध कब्जे की जानकारी दिए जाने के बावजूद, भू-माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती दिख रही है। प्रशासन की यह निष्क्रियता भू-माफियाओं के हौसले बुलंद कर रही है। क्या जिला प्रशासन सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने में असमर्थ है या फिर वह इसे हटाना ही नहीं चाहता? आखिर भू-माफियाए इतने उद्दंड होकर खुलेआम सरकारी जमीन पर कब्जा करने का साहस कैसे कर रहे हैं? क्या उन्हें किसी सफेदपोश नेता या उच्च प्रशासनिक अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है? क्या प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना का लाभ गरीबों तक पहुंचाने के बजाय, उसके आस-पास की जमीन का फायदा केवल शातिर तत्व ही उठाएंगे? ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों की मांग है कि प्रशासन तुरंत संज्ञान लेते हुए अवैध कब्जे को हटाए और दोषी भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करे।

## शिवपुराण कथा का आयोजन

**कोरबा।** सिद्धआश्रम साधक परिवार के द्वारा ग्राम रायपुरा में शिवपुराण कथा कराने की तैयारी चल रही है। इसके लिए कार्यकर्ता जोर शार से लगे हुए है। इस आशय की जानकारी देते हुए धनश्याम बरेठ ने बताया कि 19 मार्च से महाशिव पुराण कथा का आयोजन शुरू होगा। वृदावंन ने कथा वाचक द्वारा कथा कही जाएगी। इसके बाद 26 मार्च को गुरूदेव कैलाश चंद्र श्रीमानी के द्वारा साधको को दिशा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में राजकुमार साहू, अशोक कंवर, लता अग्रवाल, तानी बरेठ लगे हुए है।

## डॉ.शर्मा बनाए गए भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की सहमति से भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक डॉ.देवेन्द्र कश्यप ने चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की। इसमें डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने अपनी इस नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व एवं शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुये कहा कि वे तन मन धन से पूर्ण समर्पित भाव से भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता शिविरों एवं अन्य माध्यमों से न केवल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना, चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी देना अपितु भाजपा की रीति नीति तथा उनके द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने एवं अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके इसके लिये पूरी सक्रियता से कार्य करेंगे।

# अंत्योदय व पंच परिवर्तन पर भाजपा करेगी काम: गोपाल

**कोरबा।** जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा है कि कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त और सक्रिय बने, इसके लिए लगातार हमारे कार्यक्रम चलते रहेंगे। अंत्योदय तक हमारी पहुंच होगी। समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाकर लोगों को लाभान्वित करना हमारा उद्देश्य है।

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में गोपाल मोदी ने यह बात कही। भाजपा जिला कार्यालय पंडित दीनदयाल कुंज, की. पी. नगर, कोरबा में कार्यशाला आयोजित हुई। अतिथियों को शाल व स्वदेशी वस्तुओं से बने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत-अभिनंदन किया गया। प्रथम सत्र में जिला प्रभारी अनिल केसरवानी ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा

**दीनदयाल कुंज में महा प्रशिक्षण अभियान पर हुई कार्यशाला**




और संगठनात्मक विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम की भावना है, जिसे कार्यकर्ता अपने आचरण में उतारे। द्वितीय सत्र में विधानसभा सह योजना बैठक में अगली रणनीति और अंतिम सत्र में पीपीटी प्रशिक्षण नवाचार पर चर्चा हुई। इस सत्र की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने की। मुख्य वक्ता जिला सह प्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला ने संगठनात्मक नवाचार एवं कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। पंच परिवर्तन के बारे में पूर्व महापौर जोगेश लांबा और लीनेश ठोकने ने अपनी बात रखी।

रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और सक्रियता पर बल दिया। संचालन जिला महामंत्री संजय शर्मा व आभार प्रदर्शन महामंत्री अजय विश्वकर्मा ने किया। कार्यशाला में जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, उपाध्यक्ष अजय दुबे, मंजू सिंह, लक्की नंदा, रूक्मणी नायर, रेणुका राठिया, नवीन अरोड़ा, अजय कुंवर, सतीश झा, कमला किंडो, नवीन मार्कंडेय, अर्जुन गुप्ता, शैलेंद्र यादव, अजय चंद्रा, अमीलाल चौहान, कुल सिंह कंवर, रामनारायण सराफ, प्रीति स्वर्णकार, डॉ. विजय राठौर, उत्तम सिंह रंधावा, वैभव शर्मा, राजेश लहरे, दीपक चावड़ा, नीरज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, मंडलों की प्रशिक्षण टोली एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसईकेएमसी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**कोरबा।** कल एसईसीएल गेवरा एरिया में एसईकेएमसी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें सदस्यता अभियान सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने के लिए निर्णय लिया गया। बैठक में डीके मिश्रा ने रणनीति बनाते हुए कहा कि पिछले बार की तरह इस बार भी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक बल दिए जाने की जरूरत है। बैठक में छंदराम राठौर ने भी अपने विचार रखे। दीपका एरिया में भी सतीश सिंह के द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। इस बैठक में रसूल, रामकुमार कौशिक सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। कुसमुंडा क्षेत्र में भी बृजलाल पनिका को अध्यक्ष व राजू सोनी को महामंत्री बनाए जाने के बाद अब कार्यकारिणी बनाए जाने पर चर्चा हो रही है। जीएम शाखा व प्रोजेक्ट में नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। दूसरे संगठन से आए लोगों को शामिल किया जाएगा। कोरबा एरिया में भी केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह व संदीप चौधरी के द्वारा बैठक ली गई। जिसमें संगठन को और मजबूत बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया।

# कुसमुंडा खदान के समक्ष 23 मिलियन टन और कोल उत्पादन की चुनौती

**कोरबा।** वित्तीय वर्ष समाप्ति को अब ज्यादा दिन शेष नहीं है। फरवरी के 4 और मार्च के 31 दिनों में एसईसीएल को भारी भरकम कोयला उत्पादन करना होगा। इसे लेकर जिले की मेगा परियोजनाओं पर दारोमदार है। कुसमुंडा मेगा परियोजना कंपनी के लक्ष्य हासिल करने में कमजोर कड़ी साबित हो रही है।

एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना को गेवरा के बाद दूसरा सबसे अधिक कोयला उत्पादन का टारगेट मिला हुआ है। गेवरा को 63 और कुसमुंडा को 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना है। कुसमुंडा परियोजना लगभग 27 मिलियन टन ही कोयला उत्पादन कर सकी है। अभी भी एरिया को लगभग 23 मिलियन टन और कोयला उत्पादन करना होगा। कोयला उत्पादन बढ़ाने में एरिया को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त अवधि तक एरिया से 42 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हो जाना था। कुसमुंडा के अलावा गेवरा और दीपका मेगा परियोजना की स्थिति बेहतर है। गेवरा ने अब तक 45 मिलियन टन से अधिक



कोयला उत्पादन कर लिया है। दीपका एरिया ने 40 मिलियन टन लक्ष्य के मुकाबले 34 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन किया है। एसईसीएल की बात की जाए तो सालाना 212 मिलियन टन टारगेट के मुकाबले 152 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हो चुका है। एसईसीएल सालाना लक्ष्य को हासिल करने पूरा जोर लगा रहा है। इसे लेकर अधिकारियों द्वारा खदानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। खासकर मेगा परियोजनाओं से कोयला उत्पादन बढ़ाने पर फोकस है। अधिकरी खदान के फेस तक उतरकर कोयला उत्पादन गतिविधियों का जायजा ले रहे हैं। साथ ही मौके पर स्टाफ से चर्चा भी की जा रही है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com